वर्ष : 34 ▸ अंक : 19 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 27 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



'भूल चूक माफ' की नई रिलीज डेट घोषित

▸ पेज -7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

www.oswaldryfruits.com
OSWAL DRYFRUITS
DRYFRUITS: Regular Dryfruits, Flavored Dryfruits & Seeds
KIRANA: Rice, Pulses, Grains & Packaging Products
MASALA: Powder / Whole Spices & Garam Masala
FREE HOME DELIVERY
98200 29433 / 70214 01877

न्यूज़ ब्रीफ

### सीआईडी ने संभाला सोमनाथ सूर्यवंशी मामले की जांच का जिम्मा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में पिछले साल दिसंबर में एक दलित प्रदर्शनकारी की हिरासत में हुई मौत की जांच राज्य सीआईडी को सौंप दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित अपराध जांच विभाग (सीआईडी) इकाई ने हाल में परभणी पुलिस से प्रदर्शनकारी सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत की जांच अपने हाथ में ले ली है।

### निर्भया योजना के तहत 10 लाख महिलाओं की हुई मदद

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि निर्भया योजना के तहत 10 लाख महिलाओं की मदद हुई है। निर्भया फंड के तहत सरकार कई योजनाएं चलाकर पीड़ित और जरूरत महिलाओं की मदद कर रही है। अन्नपूर्णा देवी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि निर्भया फंड को बंद नहीं किया गया है। इसके तहत अभी 49 योजनाएं चल रही हैं। इस फंड के लिए धनराशि की कमी नहीं है। सरकार आवश्यकता अनुसार उक्त फंड से धनराशि जारी करती है। इसी कोष के तहत वन स्टॉप सेंटर भी चलाए जा रहे हैं। देश में अभी 812 सेंटर संचालित हैं। अब तक 10 लाख से अधिक महिलाओं को इस सेंटर से मदद मिल चुकी है।

### नक्सली हिंसा में 81% की आई कमी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि देश में नक्सली हिंसा में 81 फीसदी की कमी आई है। वहीं इस हिंसा की वजह से नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत के मामलों में 85 फीसदी की कमी आई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के खतरे के पूर्ण समाधान के लिए सरकार ने 2015 में एक राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को मंजूरी दी है। राय ने कहा कि नीति के दृढ़ कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप नक्सली हिंसा में और उसके भौगोलिक विस्तार में कमी आई है। उन्होंने कहा, नक्सली हिंसा की घटनाएं 2010 में अपने उच्चतम स्तर 1,936 पर पहुंच गई थीं, जो 2024 में घटकर 374 हो गईं। इस प्रकार नक्सली हिंसा में 81 प्रतिशत की कमी आई है। इस अवधि के दौरान कुल मौतों (नागरिकों एवं सुरक्षाकर्मी) की संख्या भी 85 प्रतिशत कम हुई है। यह 2010 में 1,005 मौतों से घटकर 2024 में 150 हो गई है। राय ने कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान, नक्सली हिंसा में कमी आई है।

# बजट सत्र का सत्रावसान

## महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र समाप्त, 30 जून से मानसून सत्र

- 9 विधेयक पेश, सभी के सभी पास 16 दिनों के सत्र में कुल 147 घंटे हुआ कामकाज
- विधानसभा में अधिकतम 91% और न्यूनतम 54% सदस्य उपस्थित रहे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विधानमंडल के बजट सत्र का बुधवार को सत्रावसान हो गया। इस सत्र में किसानों के मुद्दों से लेकर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों एवं कामगारों की सुरक्षा से लेकर विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सत्र की समाप्ति की घोषणा करते हुए कहा कि इस सत्र में कुल 9 विधेयक पेश किए गए, जो सभी के सभी पास हुए। विधानसभा में 16 दिनों के कामकाज में 147 घंटे कामकाज हुआ। जबकि हंगामे के चलते लगभग सदन का सवा घंटा खराब भी हुआ। 20 मिनट मंत्रियों के सदन में मौजूद नहीं रहने से सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में सदस्यों की अधिकतम उपस्थिति 91 फीसदी रही जबकि कम से कम 54 फीसदी सदस्य उपस्थित रहे। हर रोज लगभग 9 घंटे कामकाज हुआ। विधानमंडल का मानसून सत्र 30 जून 2025 से मुंबई में होगा।




### कामरा और सुषमा के अलावा बोर्डीकर के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

विधान परिषद में भाजपा के सदस्य प्रवीण दरेकर ने हास्य कलाकार कुणाल कामरा और शिवसेना (उद्धव) की प्रवक्ता सुषमा अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। दूसरी ओर विधान परिषद में कांग्रेस के सदस्य धीरज लिंगाडे ने प्रदेश की स्वास्थ्य राज्य मंत्री मेघना बोर्डीकर के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव दाखिल करने के लिए सभापति राम शिंदे को नोटिस दिया है। लिंगाडे ने कहा कि बुलढाणा के शेगाव तहसील में लोगों के बाल झड़ने की घटना के बारे में बोर्डीकर ने सदन में भ्रामक जानकारी दी है। यह सदन का अपमान है।

### सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने सदन के सभापति राम शिंदे के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए दाखिल नोटिस को वापस ले लिया है। दानवे ने कहा कि मुझे सदन में निष्पक्ष व्यवहार किए जाने का आश्वासन दिया गया है। बीते 19 मार्च को दानवे ने सदन में बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव दाखिल करने के लिए सभापति के कार्यालय को नोटिस दिया था।

### सत्र में हुए बड़े घटनाक्रम

- धनंजय मुंडे को अपने मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा।
- अन्ना बनसोडे को विधानसभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- विपक्ष द्वारा भास्कर जाधव को नेता विपक्ष बनाए जाने की मांग मंजूर नहीं हुई, जिससे नाराजगी देखी गई।

### विपक्ष का सरकार पर हमला

शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्र के दौरान विधेयकों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हुई। उन्होंने इसे 'लक्ष्यभेदी मंडल' करार दिया और सरकार पर जनता से किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया।



### हमने काम को प्राथमिकता दी: शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमने काम को वरीयता दी है। विपक्ष सवाल उठा रहा था कि सभी कल्याणकारी योजनाएं बंद हो जाएंगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हमारी पारी धड़ाके से शुरू है। सरकार नो रीजन ऑन द स्पॉट डिसीजन लेकर काम कर रही है। विपक्षी सदस्यों की संख्या कम है, लेकिन हम उन्हें अंडर एस्टीमेट नहीं कर रहे हैं। विपक्षी दल के सदस्य बाहर संविधान को खतरे में बताते हैं, लेकिन सदन के भीतर कुछ नहीं बोलते हैं।

### 30 जून से मानसून सत्र

सत्र के समापन के साथ ही घोषणा की गई कि महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र 30 जून 2025 से शुरू होगा, जिसमें राज्य के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

### विपक्ष के नेता की कुर्सी अब भी खाली

महाराष्ट्र विधानमंडल के पिछले सत्र से विधानसभा में विपक्ष के नेता की कुर्सी खाली है। बुधवार को समाप्त हुए बजट सत्र में भी विपक्ष को यह पद नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया कि विपक्ष के नेता की नियुक्ति का निर्णय विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को लेना है और सरकार उनके फैसले को स्वीकार करेगी। शिवसेना (उद्धव) नेता भास्कर जाधव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ₹जब सरकार के पास बंपर बहुमत है, तो उसे विपक्ष के नेता की नियुक्ति करने में क्या दिक्कत है?₹ उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की थी कि उन्हें विपक्ष का नेता नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

# कामरा और अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद नेता प्रवीण दरेकर ने बुधवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा और शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया।

भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा कि कुणाल कामरा ने पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है, जिससे उनकी बदनामी हुई और विधान भवन की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवसेना यूबीटी की नेता सुषमा अंधारे ने भी कामरा की टिप्पणी को दोहराया, जिससे विधान परिषद की गरिमा को ठेस पहुंची।

### सरकार करेगी सख्त कार्रवाई



विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने सरकार से पूछा कि कामरा के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है। इस पर गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि कुणाल कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, चाहे वह देश के किसी भी कोने में हों।



### सुषमा अंधारे और संजय राऊत का पलटवार

सुषमा अंधारे ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने विधान भवन के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला कोई बयान नहीं दिया, बल्कि जो लोग विधान सभा में ही इसका अपमान करते हैं, उन पर भी विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राऊत ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुणाल कामरा ने अपने बयान में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम तक नहीं लिया था। उन्होंने कहा कि राजनीति में मजाक और आलोचना सामान्य बात है, इसे इतना गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।

# अन्ना बनसोडे बने महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर

कोरोना काल में 'वैक्सीनेशन' के लिए दिए थे करोड़ों का दान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के नए डिप्टी स्पीकर अन्ना बनसोडे निर्विरोध चुने गए हैं। एनसीपी (अजित पवार गुट) के विधायक बनसोडे को बजट सत्र के अंतिम दिन इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वे पुणे जिले की पिंपरी विधानसभा सीट से विधायक हैं और लगातार दूसरी बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



> "डिप्टी स्पीकर बनने के बाद व्यक्ति किसी एक पार्टी का नहीं रहता, बल्कि पूरे सदन का प्रतिनिधि बनता है। सभी सदस्यों को समान न्याय और अवसर देना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी, और मुझे विश्वास है कि अन्ना बनसोडे इस भूमिका को बखूबी निभाएंगे।
> - **अजित पवार,** उपमुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

### एनसीपी को लगातार दूसरी बार मिला डिप्टी स्पीकर पद

महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद में अध्यक्ष पद बीजेपी के पास है, जबकि विधान परिषद में उपसभापति का पद शिवसेना की नीलम गोरहे के पास है। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नरहरि जिरवाल इस पद पर थे, लेकिन इस बार वे फडणवीस सरकार में मंत्री हैं।

### कौन हैं अन्ना बनसोडे?

1978 में जन्मे अन्ना बनसोडे पहली बार 2009 में विधायक चुने गए थे। 2019 में पिंपरी से दोबारा विधायक बने, और 2024 चुनाव में शरद पवार गुट के प्रत्याशी को हराकर लगातार दूसरी बार इस सीट पर कब्जा किया। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों की समस्याओं के समाधान के लिए काफी काम किया है। कोरोना संकट के दौरान, उन्होंने अपने विधायक निधि से 25 लाख रुपये वैक्सीनेशन के लिए और पिंपरी-चिंचवड़ के वाईसीएम अस्पताल के लिए 1.25 करोड़ रुपये दान किए थे।

**रुलाएगी गर्मी** उत्तर भारत में एक मौसम में पांच से छह दिन तक हीटवेव के दिन होते हैं दर्ज

# इस साल दिखेगा गर्मी का विकराल रूप, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

- आईएमडी ने जारी की चेतावनी
- इस साल 10-12 दिनों तक हीटवेव रहने की संभावना
- उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक गर्मी रहने की आशंका जताई
- पिछले साल देश ने 554 हीटवेव का अनुभव किया था



### 2024 में सबसे ज्यादा दिन तक हीटवेव

वैज्ञानिक रॉय ने बताया कि यह एक मौसमी पूर्वानुमान है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मौसम के सभी दिन सामान्य से अधिक होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वानुमान मौसमी पैमाने पर सामान्य से अधिक गर्मी रहने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल देश ने 554 हीटवेव का अनुभव किया था, वहीं 2023 में यह संख्या 230 थी। इस दौरान आईएमडी अधिकारी ने यह नहीं बताया कि क्या यह वर्ष 2024 से अधिक गर्म होगा।

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में गर्मी का पारा बढ़ने लगा है। अधिकतर राज्यों में तापमान 30 से अधिक डिग्री तक पहुंच चुका है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर-पश्चिम भारत में इस गर्मी में रिकॉर्ड हीटवेव दिनों का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने कहा कि इस बार देश में हीटवेव के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी हो सकती है। यानी सामान्य से अधिक गर्मी के लिए तैयार रहने की चेतावनी जारी की है। आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि आमतौर पर इस क्षेत्र में एक मौसम में पांच से छह दिन तक हीटवेव के दिन दर्ज किए जाते हैं, लेकिन इस साल 10 से 12 दिन तक हीटवेव रहने की संभावना है, जो कि सामान्य से दोगुना है। उन्होंने कहा कि पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से थोड़ी अधिक हीटवेव की स्थिति की संभावना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, मध्य मार्च से ही दिन में तेज धूप निकलने लगी है, जिसके कारण तापमान काफी तेजी से बढ़ा है।

### न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस या सामान्य से पांच डिग्री अधिक होने पर हीटवेव की स्थिति बनती है। गत 28 फरवरी को जारी मार्च से मई के पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने चेतावनी दी थी कि देश के कई हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। अब नए पूर्वानुमान में कहा कि प्रायद्वीपीय भारत के सुदूर दक्षिणी क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है। इसके अलावा, आने वाले दिनों में उत्तर भारत में तापमान का स्तर बढ़ने से अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है।

धन उगाही मामला

# सुप्रिया सुले मंत्री के खिलाफ साजिश में शामिल : फडणवीस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को आरोप लगाया कि कैबिनेट मंत्री जयकुमार गोरे के खिलाफ साजिश रचने में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के एक प्रमुख नेता शामिल थे। फडणवीस ने कहा कि इस मामले में महिला समेत तीन लोगों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस साजिश में एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और रोहित पवार तथा एक आरोपी के बीच बातचीत के सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच की जाएगी।



### पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जाएगी

पिछले सप्ताह मंत्री जयकुमार गोरे ने दावा किया था कि उन पर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला ने मामला निपटाने के लिए तीन करोड़ रुपये की मांग की थी। महिला को एक करोड़ रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। फडणवीस ने बताया कि इस मामले में महिला, तुषार खरात और अनिल सुबेधर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रिया सुले और रोहित पवार ने तुषार खरात को फोन किया था और गोरे के खिलाफ बनाए गए वीडियो इन लोगों को भेजे गए। इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जाएगी।

## विधायक कुमार आयलानी ने की स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात



डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विधायक कुमार आयलानी ने बुधवार को बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर से मुलाकात की। इस दौरान मध्यवर्ती अस्पताल की बेड संख्या बढ़ाने, आवश्यक दवाओं की आपूर्ति और डॉ. मनोहर बनसोडे के निलंबन को रद्द करने जैसी मांगों को लेकर पत्र सौंपा गया। मंत्री ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। उल्हासनगर शहर में स्थित मध्यवर्ती अस्पताल में काफी दूर दूर से माध्यम व गरीब लोग अपने इलाज के लिए आते हैं और वर्तमान जनसंख्या को देखते हुए यहां पर बेड की संख्या को 400 किया जाए, दैनिक रूप से आवश्यक दवाओं की कमी, ऑक्सीजन, स्पिरिट व नाइट्रस रिफिल के लिए अनुदान, ओपीडी के लिए नई तीन मंजिला इमारत के लिए निधि, थैलेसेमिया मरीजों के लिए कम पड़ रही आवश्यक दवा केल्फर व अन्य औषधियों को उपलब्ध कराने की मांग की।

**डॉ. मनोहर बनसोडे के निलंबन रद्द करने की मांग**

# उल्हासनगर में बिना लाइसेंस चिकित्सा कर रहे मुन्नाभाई डॉक्टर

- 26 फर्जी डॉक्टरों का पर्दाफाश
- 18 के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

**मनपा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उल्हासनगर शहर में 26 फर्जी डॉक्टरों का पर्दाफाश किया है। मेडिकल स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा के अनुसार, शहर के विभिन्न पुलिस थानों में 18 फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इनमें से ज्यादातर आरोपी दूसरे राज्यों से आकर अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे थे।**




### बिना लाइसेंस प्रैक्टिस कर रहे थे डॉक्टर

- मनपा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाया कि कई डॉक्टर बिना मेडिकल लाइसेंस या अयोग्यता के बावजूद प्रैक्टिस कर रहे थे। अब तक 18 डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है, जबकि बाकी 8 मामलों में जांच जारी है। इनमें से 3 डॉक्टर महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत पाए गए। 4 डॉक्टरों के क्लीनिक बंद मिले। 1 डॉक्टर कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र से प्रैक्टिस कर रहा था, जिसके खिलाफ कल्याण-डोंबिवली मनपा ने कार्रवाई की।

### शिकायतों के बाद हुई कार्रवाई

जिला कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी कार्यालय को शहर में फर्जी डॉक्टरों की मौजूदगी की कई शिकायतें मिली थीं। जांच के दौरान उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में 26 डॉक्टरों के नाम सामने आए, जिनकी योग्यता संदिग्ध थी। इस पर मनपा आयुक्त एवं प्रशासक के निर्देशानुसार सख्त जांच अभियान चलाया गया और फर्जी प्रमाण पत्र रखने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

### नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

- मनपा प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अवैध डॉक्टरों से इलाज न करवाएं और संदिग्ध चिकित्सा पद्धतियों की तुरंत सूचना प्रशासन को दें। इसके अलावा, सभी वैध डॉक्टरों को अपने लाइसेंस अद्यतन कराने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ईरानी बस्ती में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलेगा: गृह राज्य मंत्री

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ठाणे

ठाणे जिले के अंबिवली स्थित ईरानी बस्ती में पुलिस पर लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधान परिषद में घोषणा की कि इस क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जाएगा।




### पुलिस पर हमलों को लेकर सख्त रुख

गृह राज्य मंत्री योगेश कदम विधान परिषद में सदस्य प्रवीण दरेकर द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इस चर्चा में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और सदस्य अनिल परब ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि ईरानी बस्ती में अपराधियों के छिपे होने की लगातार खबरें मिल रही हैं। जब भी पुलिस यहां कार्रवाई के लिए जाती है, तो महिलाएं पुलिस बल पर हमला कर देती हैं।

### अवैध निर्माणों पर भी गिरेगी गाज

मंत्री ने बताया कि बस्ती में कई अवैध निर्माण मौजूद हैं, जो अपराधियों को शरण देने का काम कर रहे हैं। इन सभी अवैध निर्माणों को गिराने की योजना बनाई जा रही है। मंत्री ने साफ किया कि इस बस्ती में शरण लेने वाले अपराधियों और उन्हें पनाह देने वालों के खिलाफ 'महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट' (मकोका) के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### एटीएस की मदद से होगी कार्रवाई

राज्यमंत्री कदम ने यह भी बताया कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए 'एंटी टेररिज्म स्क्वॉड' (ATS) की सहायता ली जाएगी।उन्होंने कहा कि सराय और परित्यक्त इमारतों में छिपे अपराधियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी और आने वाले दिनों में अभियान को और तेज किया जाएगा।

# विधानसभा में उठा उल्हासनगर जल प्रदूषण का मुद्दा

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर और आसपास के इलाकों में जल प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुका है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह मुद्दा अब महाराष्ट्र विधानसभा तक पहुंच गया है। विधायक सुलभा गायकवाड़ ने विधानसभा के बजट सत्र में नियम 105 के तहत नोटिस संख्या 735 के जरिए इस समस्या को उठाया और सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। बारवी बांध, बारवी नदी और उल्हास नदी से उल्हासनगर, कल्याण-डोंबिवली समेत कई नगरपालिकाओं को जल आपूर्ति की जाती है, लेकिन इन जल स्रोतों में सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट और रसायन मिल जाने के कारण पानी की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे श्वसन रोग, त्वचा रोग और पेट संबंधी बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि उल्हासनगर जल उपचार संयंत्र में प्रदूषित जल पहुंच रहा है, जिसमें सीवेज, रसायन और मृत पशुओं के अवशेष मिलाए जा रहे हैं। नागरिकों ने कई बार नगर निगम से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।







### मनपा की कार्रवाई और जांच अभियान

उल्हासनगर महानगरपालिका के अनुसार, उल्हास नदी सह्याद्री पर्वत श्रृंखला से निकलती है और कर्जत, नेरल, बदलापुर, उल्हासनगर से होकर कल्याण की खाड़ी में मिलती है। रास्ते में पड़ने वाले गांवों से इसमें गंदगी और औद्योगिक कचरा मिल रहा है, जिससे नदी का प्रदूषण बढ़ रहा है। मनपा ने इस समस्या के समाधान के लिए 225 फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया और खेमानी नाले के जरिए अवैध रूप से गंदा पानी छोड़ने वाली एक फैक्ट्री को बंद कराया है।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित विशेष टीम

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) के निर्देशानुसार कल्याण विभाग में एक संयुक्त विशेष टीम बनाई गई है, जिसमें MPCB और महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी शामिल हैं। इस टीम का कार्य नदी में अवैध रूप से रसायन छोड़ने वाले टैंकरों, अनुपचारित जल छोड़ने वाले उद्योगों और अन्य प्रदूषणकारी संस्थानों की पहचान कर कार्रवाई करना है।

### अमृत योजना के तहत जल शुद्धिकरण परियोजनाएं

अमृत 1.0 योजना के तहत वडोल में 20.72 MLD और शांतिनगर में 31.26 MLD क्षमता की सीवेज उपचार परियोजनाएं मार्च 2020 और मार्च 2021 में शुरू की गईं। अमृत 2.0 योजना के तहत 19.50 MLD क्षमता की नई जल शुद्धिकरण परियोजना पर कार्य जारी है।

### जल शुद्धि परियोजनाएं ठंडे बस्ते में

2016 में मनपा ने खेमानी नाले के प्रवाह को अंबिका नाले से जोड़ने की परियोजना शुरू की थी, जो 2018 में पूरी हुई। मनपा का दावा है कि इससे उल्हास नदी में प्रदूषण कुछ हद तक कम हुआ है। 2022 में शांतिनगर में 15 MLD क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू हुआ और 2017 में वालधुनी नदी में जींस धुलाई उद्योगों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सभी जींस धुलाई इकाइयों को बंद कर दिया गया।

### नागरिकों में असंतोष, समाधान की मांग



मनपा प्रशासन द्वारा किए गए दावों के बावजूद नागरिक संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि पानी में अभी भी दुर्गंध, रसायन और गंदगी मौजूद हैं, जिससे बीमारियां फैल रही हैं। नागरिकों का आरोप है कि कई वर्षों से जल प्रदूषण की समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। विधानसभा में इस मुद्दे के उठने के बाद जनता सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग कर रही है। नागरिकों ने दोषी अधिकारियों और प्रदूषणकारी उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# देर रात तक चलने वाले बार सील

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

व्यापारिक शहर के रूप में पहचाने जाने वाले उल्हासनगर में देर रात तक शराब बिक्री और अवैध गतिविधियों पर राज्य आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। देर रात तक खुले रहने वाले बार और होटलों को सील कर दिया गया, जिससे बार मालिकों में हड़कंप मच गया।




### इन बार और होटलों पर गिरा प्रशासन का हथौड़ा

शहर में जॉली बार, न्यू नीलम, देव प्लाजा, न्यू देव प्लाजा, हिरेन प्वाइंट, गीता भवन, अंश पैलेस, साई होटल और मीट वाटिका जैसे कई बार रातभर संचालित होते थे। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से गीता भवन, अंश पैलेस, साई होटल और मीट वाटिका को सील कर दिया।

### देर रात शराब बिक्री से बढ़ रही थीं आपराधिक घटनाएं

शहर में रात के समय खुले रहने वाले बियर बारों के कारण आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही थी। GPS फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग से यह साफ हुआ कि देर रात शराब बिक्री अपराध दर बढ़ने का बड़ा कारण बन रही थी। स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की, जिसके बाद आबकारी विभाग ने कैंप-3 क्षेत्र में चल रहे कई बार और परमिट रूम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

### स्थायी प्रतिबंध की मांग

शहर के जागरूक नागरिकों ने अवैध शराब बिक्री के कारण हो रहे पारिवारिक विवाद, अपराधों में बढ़ोतरी और मानसिक तनाव को लेकर आवाज उठाई। स्थानीय संगठनों ने मांग की है कि इन शराब के ठिकानों को पूरी तरह बंद किया जाए।

### प्रशासन की ओर से और सख्त कार्रवाई संभव

आबकारी विभाग की यह कार्रवाई सिर्फ एक शुरुआत है। प्रशासन ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और भी बड़े पैमाने पर निरीक्षण किए जाएंगे और अन्य बार और होटलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल पीपुल्स कोर्ट में 1,01,155 मामलों का निस्तारण

## 1400 से अधिक पुराने लंबित मामले सुलझाए गए





धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते के माध्यम से मामलों के निपटारे की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को ठाणे और पालघर जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,01,155 मामलों का निपटारा किया गया, जिससे 2 अरब 35 करोड़ 68 लाख 16 हजार 231 रुपये की राशि का निपटारा हुआ।

### पुराने मामलों के निपटारे में तेजी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास अग्रवाल ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़ती भागीदारी से अदालतों में लंबित मामलों की संख्या में तेजी से कमी आएगी। वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत ठाणे और पालघर जिलों की जिला एवं तहसील स्तर की अदालतों में आयोजित की गई थी। 105 पैनलों द्वारा 33,274 लंबित मामलों और 67,881 पूर्व-दायर मामलों का निपटारा किया गया। इस प्रक्रिया के तहत 5, 10, 20 और 30 वर्षों से लंबित 1400 मामलों का समाधान किया गया।






### मोटर दुर्घटना दावों में बड़ी राहत

मोटर दुर्घटना मुआवजा मामलों में भी लोक अदालत ने 375 मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया। इन मामलों में 38 करोड़ 28 लाख 22 हजार 909 रुपये की राशि के दावों का निपटारा किया गया, जिनमें से 70 लाख रुपये से अधिक के दो मामले भी शामिल रहे। परिवार न्यायालयों में 83 वैवाहिक विवादों का निपटारा किया गया, जिससे कई परिवारों को राहत मिली। 16 मामलों में पति-पत्नी के बीच समझौता हुआ और वे पुनः साथ रहने को राजी हुए।

### चेक बाउंस मामलों में समाधान

919 चेक बाउंस मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 20,23,28,935 रुपये का समझौता किया गया। करीब 26,380 अभियुक्तों ने अदालत के समक्ष अपराध स्वीकार किया और 1,69,29,900 रुपये की जुर्माना राशि जमा की गई। 50,027 मामलों को सुलझाया गया, जिनमें से 90,21,20,604 रुपये समझौते के माध्यम से वसूले गए।

## शास्त्रीय गायक रमेश जुले के साथ 1 करोड़ की साइबर ठगी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मशहूर शास्त्रीय संगीतकार रमेश जुले के साथ बड़ा साइबर फ्रॉड हुआ है। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक ठग ने वीडियो कॉल के जरिए उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने का दावा किया और करीब 1 करोड़ 2 लाख 60 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में मुंबई नॉर्थ साइबर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नॉर्थ साइबर पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को रमेश जुले को एक वीडियो कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल के दौरान उसने सीबीआई का लोगो डीपी में लगाया था, जिससे संगीतकार को मामला विश्वसनीय लगा और वह जाल में फंस गए।

### डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर रकम ट्रांसफर कराई

फर्जी सीबीआई अधिकारी ने जुले को बताया कि उनके नाम से एक पार्सल में ड्रग्स मिला है, इसलिए उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। इस झूठे आरोप से घबराए संगीतकार को करीब तीन घंटे तक कॉल पर रोके रखा गया। इस दौरान ठग ने धोखे से उनके बैंक खाते से पूरी राशि ट्रांसफर करवा ली।

### ठगी का एहसास होने पर की शिकायत

जब जुले के खाते से सभी पैसे निकल गए, तब उन्हें साइबर ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने तुरंत मुंबई नॉर्थ साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कचरा प्रबंधन पर कैग की रिपोर्ट

**मुंबई।** राज्य के स्थानीय स्वराज संस्थानों में कचरा प्रबंधन की स्थिति को लेकर बुधवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में घनकचरा प्रबंधन में गंभीर खामियों को उजागर किया गया है और सरकार से सर्वसमावेशी नीति तैयार करने की सिफारिश की गई है। साथ ही, उपयोगकर्ता शुल्क वसूलने का सुझाव भी दिया गया है। कैग की 205 पन्नों की रिपोर्ट में वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक राज्य के 45 स्थानीय स्वराज संस्थानों के कचरा प्रबंधन का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट में पाया गया कि राज्य सरकार ने कचरा वर्गीकरण, प्लास्टिक पर प्रतिबंध और कचरा फेंकने पर जुर्माने जैसे आदेश तो जारी किए, लेकिन कोई ठोस नीति और रणनीति नहीं बनाई।

**खामियों को उजागर कर दिए 11 सुझाव**

# प्यार में चोर बन दो प्रेमी, 29 बाइक चुराई

**एक पत्नी के वियोग में तो दूसरा गर्लफ्रेंड को महंगे गिफ्ट देने के लिए बना चोर**



डीबीडी संवाददाता | छत्रपति संभाजीनगर

प्यार में लोग चांद-तारे तोड़ने की कसमें खाते हैं, लेकिन यहां दो युवकों ने अपने प्रेम को बनाए रखने के लिए चोरी का रास्ता अपना लिया। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में पुलिस ने दो ऐसे बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है, जो नशे और महंगे गिफ्ट्स के लिए बाइक चुराते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 29 बाइकें बरामद की हैं।

### पुलिस ने चोर को पकड़ा

### नशे की लत ने बनाया चोर

पहले मामले में पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि पत्नी से विवाद के बाद वह मायके चली गई, जिससे वह अकेलापन और तनाव महसूस करने लगा। धीरे-धीरे उसने ड्रग्स लेना शुरू कर दिया और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए बाइक चोरी करने लगा। पुलिस ने हामिद के पास से 15 बाइकें बरामद की हैं, जो उसने अलग-अलग स्थानों से चुराई थीं।

### गर्लफ्रेंड को गिफ्ट देने के लिए बना बाइक चोर

दूसरे मामले में बिदकिन इलाके से पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है, जिनकी पहचान अजय विजय वाकडे और कैफ रफीक शेख के रूप में हुई है। अजय ने पुलिस को बताया कि वह प्रेम विवाह करना चाहता था और अपनी गर्लफ्रेंड को महंगे गिफ्ट देना चाहता था। लेकिन उसके पास कोई आय का जरिया नहीं था, इसलिए उसने बाइक चोरी करने का धंधा शुरू कर दिया।

### चोरी की बाइकें 5-7 हजार में बेचते थे

पुलिस ने अजय और कैफ के पास से 14 बाइकें जब्त की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चुराई गई बाइकें 5,000 से 7,000 रुपये में आसानी से बिक जाती थीं। अजय ने यह भी कबूल किया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड को चोरी की स्कूटी गिफ्ट की थी। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच तेज कर दी है और चोरी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# धारावी अग्निकांड के बाद पार्किंग नीति में बदलाव

### अब ऑनलाइन बुकिंग से मिलेगी पार्किंग सुविधा

धीरज सिंह । मुंबई

धारावी में अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों में लगी भीषण आग के बाद अब पार्किंग व्यवस्था को लेकर मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने ऑनलाइन बुकिंग के जरिए पार्किंग प्रक्रिया को नियमित करने की योजना बनाई है।



### ऑनलाइन पार्किंग बुकिंग पर बनी सहमति

सोमवार रात हुए अग्निकांड के बाद बीएमसी के जी/उत्तर वार्ड के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस उपायुक्त और यातायात विभाग की बैठक हुई। इसमें ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली के जरिए मालवाहक वाहनों के लिए अधिकृत पार्किंग स्थान उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। BMC जल्द ही ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की सुविधा शुरू करेगी। इससे धारावी में अनधिकृत पार्किंग पर रोक लगेगी और वाहनों को निश्चित स्थान मिल सकेगा।

### अग्निकांड में जले 18 वाहन, 8 के खिलाफ FIR

धारावी की पीएनजीपी कॉलोनी के पास सोमवार रात को अवैध पार्किंग में खड़े एचपी गैस एजेंसी के 2 ट्रकों में सिलेंडर फटने से आग लग गई थी। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन 18 वाहन जलकर राख हो गए। मुंबई पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और 5 को हिरासत में लिया।

### स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि उठा रहे सवाल

अग्निकांड के बाद स्थानीय लोग अवैध पार्किंग को लेकर विरोध जता रहे हैं और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक ज्योति गायकवाड़ ने सवाल उठाए। ज्वलनशील सिलेंडर ढोने वाले ट्रकों को भीड़भाड़ वाले इलाके में पार्किंग की अनुमति क्यों दी गई? बिना जांच के बाहर से आने वाले बसों और ट्रकों को यहां पार्क करने की अनुमति क्यों दी जा रही है? स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# 'आपका संविधान तब कहां था?'

## एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात आती है, तो कुछ लोग दोहरे मापदंड अपनाते हैं। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि जब आप अभिव्यक्ति की आज़ादी की बात करते हैं, तो आपकी तीन उंगलियां आपकी ओर होती हैं। तब आपका संविधान कहां था, जब एक व्यापारी के घर के नीचे बम रखा गया था? जब कंगना रनौत के कार्यालय पर बुलडोजर चलाया गया था? जब मनसुख हिरन ने राणा दंपति को जेल में डलवाया था, सिर्फ इसलिए कि उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया था? शिंदे ने ठाकरे सरकार से इन सभी सवालों का जवाब मांगा।



### 'हमने बालासाहेब की शिवसेना को कूड़ेदान से बाहर निकाला'

शिंदे ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को उद्धव ठाकरे ने कूड़ेदान में डाल दिया था, लेकिन हमने उसे बाहर निकाला। ₹आप दर्पण में बैठकर अपनी विरासत नहीं बता सकते। अगर बदनाम करने के लिए सुपारी देकर अभियान चलाया जाएगा, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कुछ पाखंडियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, और कुछ लोग उन्हीं का समर्थन ले रहे हैं,₹ शिंदे ने तंज कसा।

### 'कार्यकर्ता मशाल जलाएं, हम बंगले में सुख से सोएं'

शिंदे ने शिवसेना (उद्धव गुट) पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग अपने कार्यकर्ताओं को मशाल जलाने के लिए कहते हैं और खुद बंगले में चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने यह दिखा दिया कि असली शिवसेना कौन है। सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और जनता ने फैसला दे दिया कि असली शिवसेना कौन चला रहा है।

### 'गुंडों की हिम्मत तोड़ी जाएगी, मुंबई होगी गड्ढों से मुक्त'

संतोष देशमुख मामले का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि आरोपी कृष्णा आंधले की संपत्ति जब्त कर ली गई है और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गुंडों की हिम्मत तोड़ी जाएगी और जनता को सुरक्षित माहौल दिया जाएगा। शिंदे ने आगे कहा कि मुंबई को गड्ढों से मुक्त किया जाएगा, क्योंकि उनकी सरकार कांग्रेस के लिए सड़कें नहीं बना रही है। उन्होंने पिछली सरकार पर तंज कसते हुए कहा, ₹दस साल में किसने तारकोल खाया है? इसकी जांच होनी चाहिए।

# मुंबई एयरपोर्ट पर कूड़ेदान में मिला नवजात शिशु का शव

### जांच में जुटी पुलिस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर स्थित शौचालय के पास एक कूड़ेदान में नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद यात्रियों और एयरपोर्ट कर्मचारियों में सनसनी फैल गई। सहार पुलिस ने शव को बरामद कर कूपर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



### सफाईकर्मी को सबसे पहले मिली जानकारी

मंगलवार रात करीब 10:30 बजे, जब एयरपोर्ट के सफाईकर्मी टर्मिनल-2 के पास सफाई कर रहे थे, तो शौचालय के पास कूड़ेदान में नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। सफाईकर्मियों ने तुरंत इस बात की जानकारी एयरपोर्ट प्रशासन को दी, जिसके बाद सहार पुलिस स्टेशन को सूचना दी गई।

### पुलिस जांच में जुटी, CCTV फुटेज खंगाले जा रहे

सहार पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया और कूपर अस्पताल भेज दिया। पुलिस एयरपोर्ट पर लगे CCTV कैमरों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नवजात शिशु को वहां किसने और कब छोड़ा। शिशु के परिवार या इससे जुड़े किसी भी व्यक्ति की पहचान के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# इलेक्ट्रिक और एलएनजी ईंधन से होंगी संचालित एसटी निगम की बसें

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राज्य सरकार ने एसटी निगम की सभी बसों को चरणबद्ध तरीके से गैर-पारंपरिक ईंधन में बदलने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में जानकारी दी कि एसटी बसों का संचालन इलेक्ट्रिक और एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) ईंधन से किया जाएगा।




### 5,150 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की योजना

मुख्यमंत्री ने बताया कि एसटी महामंडल के लिए 5,150 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी, जिनमें से 450 बसें पहले ही खरीदी जा चुकी हैं। इसके अलावा, मौजूदा एसटी बसों को एलएनजी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए एलएनजी आपूर्ति को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

### राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के प्रयास

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) नीति लागू की गई है, जिसके तहत चार्जिंग स्टेशनों का बड़े पैमाने पर विकास किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य की सड़कों पर 80% वाहन इलेक्ट्रिक हों, जिससे प्रदूषण में कमी लाई जा सके।

### मंत्रियों और विधायकों के वाहन भी होंगे इलेक्ट्रिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाने की योजना है। इसके तहत मंत्रियों के वाहन भी इलेक्ट्रिक किए जाएंगे और विधायकों को दिए जाने वाले वाहन ऋण पर ब्याज में छूट भी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लागू होगी।

# इलेक्ट्रिक वाहनों पर नहीं लगेगा छह प्रतिशत टैक्स

**मुंबई।** प्रदेश सरकार अब 30 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर छह प्रतिशत टैक्स लागू नहीं करेगी। बुधवार को विधान परिषद में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी मौजूदगी में गत मंगलवार को एक बैठक थी। जिसमें उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री अजित पवार, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में ऐसा विचार किया गया कि फिलहाल 30 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों नहीं है। सरकार को छह प्रतिशत टैक्स लागू करने से बहुत ज्यादा राजस्व भी नहीं मिलने वाला है। इसलिए अब इलेक्ट्रिक वाहनों पर छह प्रतिशत टैक्स लागू नहीं करने का फैसला लिया गया है।




**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

Mumbai Railway Vikas Corporation Ltd.

**निविदा हेतु आमंत्रण - एमआरवीसी-डब्लू-बीवीएसकारशेड-सिविल**

**(दो लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेट लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, **"मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में एमयूटीपी-IIIए के तहत प्रस्तावित भिवपुरी कारशेड परियोजना के लिए नालिया, बाउंड्रीवॉल (प्रीकास्ट निर्माण सहित), सड़क कार्य और अन्य विविध कार्य आदि के साथ निर्माण और मिट्टी भरने के कार्य इत्यादि"** हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://www.ireps.gov.in/ पर उपलब्ध हैं । वेबसाइट https://www.ireps.gov.in/ पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05.05.2025, दोपहर 15:00 बजे तक है । शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा ।


सुशांत सिंह राजपूत मामला

# राम कदम ने किया उद्धव सरकार पर सबूत नष्ट करने का दावा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में भले ही सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी हो, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक हलचल अब भी जारी है। महाराष्ट्र में दिशा सालियान मौत मामले की जांच फिर से शुरू होने के बीच बीजेपी नेता और विधायक राम कदम ने उद्धव ठाकरे सरकार पर सुशांत सिंह राजपूत मामले में सबूत नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसआईटी जांच की मांग की है और कहा है कि इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए।



### 'एसआईटी जांच हो'

राम कदम ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सरकार में सुशांत मामले से जुड़े अहम सबूत नष्ट किए गए। उन्होंने एसआईटी से सुशांत सिंह राजपूत की मौत की जांच करने की मांग की, ठीक वैसे ही जैसे दिशा सालियान केस की जांच की जा रही है।


**पश्चिम रेलवे**

**कार्य - मुंबई मंडल में "सभी वाहन भुगतान करें और पार्क करें" का संचालन**

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, पार्किंग अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008.

| नीलामी सूची क्रमांक | ईएमडीः वार्षिक बोली मूल्य का 10% |
|---|---|
| बीसीटी–पीकेजी–2425–28 | ई–नीलामी का समयः 12:00 बजे। |
| ई–नीलामी की तिथिः 08.04.2025 | |

| क्रमांक | स्टेशन | स्थान | क्षेत्र (व.मी.) | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंधखेड़ा | परिसंचरण क्षेत्र | 759 | 03 वर्ष |
| 2 | कांदिवली | पश्चिम | 1436.17 | 03 वर्ष |
| 3 | बांद्रा टर्मिनस | नए भवन के पास | 774.00 | 03 वर्ष |

**नोटः** अधिक जानकारी के लिए, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। साइटों के बारे में जानकारी ऊपर उल्लिखित कैटलॉग में लॉट विवरण में उपलब्ध है। 1238

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरिष्ठ डीईई/टीआरएस/बीएल, इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड, **निविदा सूचना संख्याः ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/12 दिनांक 18.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थानः** बोगी फ्रेम और उसके घटकों का वियोजन, विघटन और सफाई तथा एक वर्ष की अवधि के लिए लोको शेड वलसाड में पारंपरिक और तीन चरण इलेक्ट्रिक लोको के ट्रैक्शन मोटर्स का विघटन, सफाई और मामूली देखभाल। **कार्य की अनुमानित लागतः** 4875190/-, **ईएमडीः** 97,500/- **प्रस्तुत करने की तिथि और समयः** 24.04.2025, 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 24.04.2025 को 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं 1226

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# परिवर्तित बैटरी क्षमता वाली ईवी बाइकों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई की सड़कों पर बैटरी की वाट क्षमता में बदलाव कर चलाए जा रहे इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधान परिषद में जानकारी दी कि ऐसी ईवी बाइकों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



### अब तक 211 मामले दर्ज, 889 ईवी बाइक जब्त

मंत्री सरनाईक सदस्य प्रसाद लाड द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि अब तक बैटरी क्षमता में अनधिकृत बदलाव करने के 211 मामले दर्ज किए गए हैं और कुल 889 संशोधित ईवी बाइक जब्त की गई हैं। परिवहन मंत्री ने यह भी कहा कि कुछ कंपनियां क्षमता बढ़ाकर बिना अनुमति के ईवी बाइक सड़क पर उतार रही हैं। इसके अलावा, चीन में निर्मित कई ईवी बाइक आंतरिक उपयोग के नाम पर समाज में लाई जा रही हैं, जो सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

### पंजीकरण होगा अनिवार्य

मंत्री सरनाईक ने बताया कि ऐसी सभी ईवी बाइकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने की नीति लागू की जाएगी। इससे अवैध रूप से संशोधित इलेक्ट्रिक वाहनों पर लगाम लगाई जा सकेगी और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित होगी।


MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**2nd CALL TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (e-Tender) from reputed and registered contractors on Mahatransco e-Tendering Website https://srmetender.mahatransco.in/ for the following Tender specification.

| Sr. No. | Tender No. EE/EHV /PDn/ KYN | Description | Estimated cost (Rs) | EMD to be Paid (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 4 | T-04/25-26 RFX 7000035695 | Work of hiring of 2nd no. of LM vehicle with driver on outsource basis for **EHV S/Stn Projects S/Dn, Kalyan** under EHV Projects Dn. Kalyan. | 5,99,987.53 | Rs. 5000/- |
| 9 | T-09/25-26 RFX 7000035641 | Work of hiring of LM vehicle with driver on outsource basis for **Special Project Team, Kalyan** under EHV Projects Dn. Kalyan. | 5,99,903.83 | Rs. 5000/- |

**Bid opening date and time:- 04.04.2025 at 11.05hrs if possible.**
For further details visit our website https://srmtender.mahatransco.in/ Contact Person: The Add. EE (O) Tel No. 0251-2328540/8554989351.
**Note:** All eligible supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E Tenders (New) portal of MSETCL.

----sd----

**EXECUTIVE ENGINEER, EHV PROJECTS DN, KALYAN M.S.E.T.C.L**



**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति यूनिट, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। (दो बोली प्रणाली) निविदा क्र.:सोला/जी.एस.यू/क.वि./नि/2024/02 आर **कार्य का नाम:** सोलापुर डिवीजन में 3000 मेट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दौंड सोलापुर सेक्शन के 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 फेवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के संबंध में विद्युत टीआरडी मॉडीफीकेशन का कार्य। (पुनर्निविदा) **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,68,37,20,566.65 **बयाना राशि:** रु 85,68,600/– **कार्य पुरा करने की अवधि:** 24 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिः 21/04/2025 को 15.00 बजे।

**मु.प.प्र., सोलापुर** 43

**अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे**



MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE (2nd call)**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors agencies on Mahatransco E-Tender website **https://srmetender.mahatransco.in/** for following works

| RFX No. | E-Tender No. & Description of Work | Due date & Time (Hrs.) for submission & Opening of Tender |
|---|---|---|
| 7000035684 | **EE/EHV/Project/DN/KLW/Tender-07/25-26** SRM E-Tender for Hiring of Light Motor vehicle (Swift Desire/Ertiga/Bolero Neo or equivalent) with driver & fuel for Addl. Executive Engineer, EHV Project Substation S/Dn Panvel for Financial year 2025-26. Estimated Cost - Rs. 5,99,224.04/- | E-Tender Downloading Dates & time. From 26.03.2025, 10:00 Hrs to 07.04.2025, 10:00 Hrs Technical Opening: Dt. 07.04.2025 at 10:05 Hrs Commercial Opening: Dt. 07.04.2025 at 14:00 Hrs |
| | E-Tender Fee | Rs 500 + GST |
| | EMD | Rs. 5432/- |

Contact Person: The Addl. Executive Engineer, Mob. No. 9028012433.

Sd/-

**Executive Engineer, EHV Project Dn., Kalwa.**



**PUBLIC NOTICE**

We, MR. RAMESH LALDHARI PRAJAPATI & MRS. KAVITA RAMESH PRAJAPATI do, hereby jointly and severally solemnly affirm and declare as under:
MISS. KRUNALI RAMESH PRAJAPATI (Aadhar Card 3491 1317 0870 & PAN NO.HUDPP0966E), is our adopted daughter and she was residing at Room No.5, Nanu Bhai Chawl, Tata Power House, Trimurti Devipada, Borivali (East), Mumbai – 400 066, is now no more in our say and gone astray. We disown and disinherit her from our family and business and our property and we have removed her from our names and family. If anybody deals with daughter she will do so at his / her own responsibility and we will not be responsible for any act done by our above said daughter.

Sd/-

**MR. RAMESH LALDHARI PRAJAPATI**
**MRS. KAVITA RAMESH PRAJAPATI**
Room No.5, Nanu Bhai Chawl,
Tata Power House, Trimurti Devipada,
Borivali (East), Mumbai – 400 066


# देशमुख हत्याकांड : सरकारी वकील निकम ने कोर्ट में दिए तथ्य

**मुंबई/बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले के सरंपच संतोष देशमुख हत्याकांड में अदालत द्वारा महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड सहित 8 लोगों के खिलाफ अप्रैल में आरोप तय किये जाने की संभावना है। विशेष सरकारी वकील उज्ज्वल निकम ने बुधवार को प्रासंगिक दस्तावेजों सहित मामले के तथ्य अदालत में प्रस्तुत किए। अदालत में इस मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। निकम ने कहा कि अदालत अगले महीने मामले में आरोप तय करेगी जिसके बाद मुकदमा शुरू होगा। सरपंच की हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। उज्ज्वल निकम ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि किस तरीके से संतोष देशमुख का पहले अपहरण किया गया, उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फिर अंततः उनकी हत्या कर दी गई।



लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत को यह भी बताया गया कि अपराध के पीछे का मकसद देशमुख का हस्तक्षेप और कंपनी से आरोपियों द्वारा की गई जबरन वसूली के प्रयासों का विरोध करना था।

संपादकीय

# माननीयों का मानदेय

सोमवार को जारी संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सांसदों के वेतन व भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था। तर्क दिया जा रहा है कि माननीयों के वेतन में वृद्धि महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के मद्देनजर की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के परिवर्तन के अनुसार सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने हेतु सत्तर हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। इसके अलावा सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी रोग का भारत में पर्याप्त इलाज संभव न हो तो सरकार विशेष स्थिति में विदेश में उपचार के खर्च की अनुमति दे सकती है। साथ ही सरकारी आवास की सुविधा और यदि आवास न लें तो घर का भत्ता माननीयों को मिलता है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिये के नारे का यथार्थ में फलीभूत होना भी जरूरी है। अभिजात्य संस्कृति की तार्किकता लोकतंत्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रश्न आयकरदाता के धन के सदुपयोग व उसकी उत्पादकता का भी है। जिसके जरिये विसंगतियां दूर करने व असमानता की खाई पाटने की तार्किकता भी शामिल है। हम यह न भूलें कि महंगाई का दंश देश की आम प्रजा भी भुगत रही है। नीति-नियंताओं को उसके कष्ट दूर करने के लिये संवेदनशील ढंग से सोचना चाहिए। आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के मुद्दे को भी प्राथमिक बनाया जाना चाहिए। करोड़ों लोगों को सस्ती व गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता बननी चाहिए। यह भी यक्ष प्रश्न कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने को क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी अकसर उठता रहा है कि जिस व्यवस्था की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व हो, उनके लिये वेतन, भत्ते और पेंशन की तार्किकता क्या है? वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श में नई-पुरानी पेंशन की आकांक्षा में चिंतित जनमानस को देशव्यापी एकरूपता के साथ विकल्प दिये जाने की भी जरूरत है। ताकि तेजी से उम्रदराज लोगों का देश होते भारत में करोड़ों लोगों का बुढ़ापा सुखमय हो सके। ताकि सुख, समृद्धि व सुकून राजा के घर भी हो और प्रजा के भी।

# पॉक्सो एक्ट और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल

बीते दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनाया गया एक फैसला महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में एक गंभीर बहस का केंद्र बन गया है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। इसके प्रति कानूनी समुदाय व नागरिक समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने कासगंज जिले के एक मामले में कहा कि किसी महिला के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना बलात्कार या बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में नहीं आता है। यह फैसला पॉक्सो एक्ट के तहत 11 साल की पीड़िता से जुड़े मामले में सुनाया गया था।न्यायाधीश ने बलात्कार के प्रयास के आरोप को खारिज करते हुए, इसे भारतीय दंड संहिता की धारा 354-बी के तहत "वस्त्र उतारने के इरादे से हमला" और पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत "गंभीर यौन हमला" माना। न्यायालय का मानना है कि इस मामले में किए गए कृत्य बलात्कार के प्रयास की कानूनी परिभाषा को पूरी तरह से संतुष्ट नहीं करते हैं, लेकिन गंभीर यौन हमले की श्रेणी में आते हैं। इस निर्णय के कानूनी विश्लेषण पर विचार करें तो, यह स्पष्ट होता है कि न्यायालय ने अपराध की तैयारी और वास्तविक प्रयास के बीच स्थापित कानूनी सिद्धांत का पालन करने का प्रयास किया है। भारतीय दंड संहिता के तहत, किसी भी अपराध के लिए केवल 'प्रयास' ही दंडनीय है, जबकि केवल 'तैयारी' को अपराध नहीं माना जाता है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत 'गंभीर यौन हमला' के अपराध को बरकरार रखा है, जो यह दर्शाता है कि न्यायालय ने कथित अपराध की गंभीरता को पूरी तरह से अनदेखा नहीं किया है। कुछ कानूनी विशेषज्ञ यह तर्क दे सकते हैं कि न्यायालय का कर्तव्य कानून को उसके अक्षरों के अनुसार लागू करना है, भले ही इसके सामाजिक परिणाम विवादास्पद क्यों न हों।उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले के कई निर्णयों में यौन इरादे से किसी नाबालिग के अंगों को छूने को भी यौन हमला माना है। 19 नवंबर, 2021 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट के नागपुर पीठ के एक फैसले को पलटते हुए यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि किसी नाबालिग के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे



से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा, जिसमें इरादे को प्रमुखता दी गई थी।

इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने 'स्किन से स्किन' संपर्क की आवश्यकता से अधिक यौन इरादे को महत्व दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वर्तमान निर्णय इस पूर्ववर्ती फैसले से स्पष्ट रूप से भिन्न प्रतीत होता है। मध्य प्रदेश सरकार बनाम महेंद्र उर्फ गोलू के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने बलात्कार के प्रयास के आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए 'तैयारी' और 'प्रयास' के बीच का अंतर समझाया था, जिसमें यह माना गया था कि अभियुक्त के कृत्य 'तैयारी' से आगे बढ़कर अपराध के निकट थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय इस व्याख्या से भी कुछ हद तक भिन्न प्रतीत

**डॉ. सुधीर कुमार**

होता है। इस अदालती निर्णय का मौजूदा कानूनों पर संभावित प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। पॉक्सो एक्ट के संदर्भ में, इस निर्णय से बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के अधिनियम के मूल उद्देश्य पर ही सवाल उठ सकते हैं। यदि इस प्रकार के कृत्यों को बलात्कार के प्रयास के रूप में नहीं माना जाता है, तो यह कानून के प्रभावी कार्यान्वयन को कमजोर कर सकता है। इसी प्रकार, यह निर्णय आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और धारा 354 (शील भंग करने के इरादे से हमला) के बीच की रेखा को भी धुंधला कर सकता है, खासकर जब यौन उत्पीड़न की गंभीरता का आकलन किया जा रहा हो, परिणामस्वरूप पॉक्सो एक्ट के तहत यौन अपराधों की एक संकुचित व्याख्या हो सकती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा का कानूनी ढांचा कमजोर हो सकता है। इस न्यायिक फैसले के सामाजिक-राजनीतिक परिणाम व्यापक हो सकते हैं। इससे समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गलत संदेश जा सकता है, जिससे यौन अपराधों को गंभीरता से न लेने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है।

इससे महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज समूहों के विरोध के सुर मजबूत हो सकते हैं। राजनीतिक स्तर पर, मौजूदा कानूनों में संशोधन या नए कानून बनाने की मांग उठ सकती है, ताकि कानूनी अस्पष्टताओं को दूर किया जा सके और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सार्वजनिक विमर्श में मांग उठी है कि सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि कानूनी स्पष्टता बनी रहे और महिलाओं तथा बच्चों के अधिकारों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सके।

इसके अतिरिक्त, सरकार को भी मौजूदा कानूनों की समीक्षा करनी चाहिए ताकि इस प्रकार की विवादास्पद व्याख्याओं की कोई गुंजाइश न रहे और यौन अपराधों के पीड़ितों को न्याय मिल सके। यह अनिवार्य है कि एक मजबूत कानूनी ढांचा स्थापित किया जाए जो महिलाओं और बच्चों को यौन हिंसा से प्रभावी ढंग से बचा सके।

जीवन मंत्र

## क्या जिम्मेदारी बोझ है

आम तौर पर जिम्मेदारी का नाम लेते ही भारी-भरकम बोझ ढोने के रूप में अर्थ लगाने वाले लोग अधिक हैं। दरअसल, गलती से कर्तव्य समझने के कारण ही आपको जिम्मेदारी बोझ लगती है। बचपन से ही घर-कुनबे के बड़े-बुजुर्गों ने आपको 'कर्तव्य भावना' की घुट्टी पिलाई होगी।

बेटे-बेटी को पढ़ाना-लिखाना पिता का कर्तव्य है। बुजुर्ग पिता की देखभाल पुत्र का दायित्व है। छात्र को शिक्षा देकर तैयार करना अध्यापक का कर्तव्य है। कानून का पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। सरहद पर खड़े होकर देश की रक्षा करना सेना का फर्ज है- कुछ इसी तरह की बातें बताते-सुनाते हुए उन्होंने कर्तव्य नामक शब्द को आपके अंदर गहराई से बोया होगा। याद रखिए, कर्तव्य मानकर आप जो भी काम करेंगे, उसमें आपको थकान ही महसूस होगी; रक्तचाप बढ़ेगा... इसलिए जिम्मेदारी को कार्य या कर्तव्य समझना छोड़ दीजिए। इसे चेतना के रूप में मानने का अभ्यास कीजिए। चाहे कोई काम हो, जब आप चेतना के स्तर पर किसी काम की जिम्मेदारी लेते हैं, तब आपके अंदर यह भावना जगती है- यह मेरा है। फिर वह बोझ नहीं लगता।



हुयदी नाम के एक जेन गुरु थे। वह अपने कंधे पर हमेशा एक बड़ी गठरी को ढोते चलते थे। गठरी के अंदर जाने क्या-क्या चीजें होंगी। गांवों से गुजरते हुए छोटे बच्चों को उसमें से मिठाइयां निकालकर बांटते थे। एक बार कोई अन्य जेन गुरु सामने से आ रहे थे। उन्होंने पूछा, 'जेन का मतलब क्या है?' हुयदी ने फौरन अपनी गठरी को नीचे डाला और तनकर खड़े हो गए। 'जेन का उद्देश्य क्या है?' अगला सवाल फूट पड़ा। हुयदी ने नीचे रखी गठरी को फिर से उठाकर कंधे पर रखा और चल दिए। उन्होंने संकेत से यही सुझाया कि गठरी को अपना न मानते हुए उसे नीचे डाल भी सकते हैं, और उसे खुशी-खुशी ढो भी सकते हैं।जब आप महसूस करते हैं कि यह पृथ्वी मेरी है, तो इसे अपने सिर पर रख लेने पर भी उसमें भार अनुभव नहीं होगा, लेकिन इसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं, यह सोचते हुए एक आलपिन भी हाथ में लेंगे, तो उसका वजन टनों में महसूस होगा। क्या यह ऐसी सच्चाई नहीं, जिसका अनुभव आप रोज करते हैं?

शख्सियत | राम चरण

## भारतीय फिल्म अभिनेता



राम चरण, (जन्मः 27 मार्च 1985) एक भारतीय अभिनेता, फिल्म निर्माता और उद्यमी हैं जो मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में काम करते हैं। वह भारतीय सिनेमा के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक हैं और अपने नृत्य के लिए भी जाने जाते हैं। वह 2013 से फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 सूची में शामिल हैं। चरण को चार फिल्मफेयर पुरस्कार और दो नंदी पुरस्कार सहित कई पुरस्कार मिले हैं।

चरण ने अपने अभिनय की शुरुआत एक्शन फिल्म 'चिरुथा' (2007) से की, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही और उन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष पदार्पण - दक्षिण के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। एस.एस. राजामौली की फैंटेसी एक्शन फिल्म 'मगधीरा' (2009) में अभिनय करके वह प्रसिद्धि में आए, जो रिलीज के समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - तेलुगु का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। तेलुगु का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला, और 'आरआरआर' वर्तमान में अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है और उनकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। 2016 में, चरण ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस, कोनिडेला प्रोडक्शन कंपनी लॉन्च किया, जिसने विशेष रूप से 'कैदी नंबर 150' (2017) और 'साय रा नरसिम्हा रेड्डी' (2019) जैसी फिल्मों का समर्थन किया है। राम चरण का जन्म 27 मार्च 1985 को मद्रास (अब चेन्नई) में एक तेलुगु परिवार में अभिनेता चिरंजीवी और उनकी पत्नी सुरेखा के घर हुआ था। राम चरण की शिक्षा चेन्नई के पद्म शेषाद्रि बाला भवन, लवडेल के लॉरेंस स्कूल, बेगमपेट के हैदराबाद पब्लिक स्कूल और हैदराबाद के सेंट मैरी कॉलेज में हुई।उन्होंने मुंबई में किशोर नमित कपूर के अभिनय स्कूल में भी प्रशिक्षण लिया। वह संवाद के माध्यम से या किसी विशेष तरीके या शैली को अपनाकर अपने स्टार पिता के किसी भी अप्रत्यक्ष संदर्भ से भी दूर रहते हैं। अपनी दूसरी फिल्म, फैंटेसी फिल्म 'मगधीरा' (2009) की रिलीज के बाद, चरण ने खुद को टॉलीवुड में अग्रणी समकालीन अभिनेताओं में से एक के रूप में स्थापित किया। उन्होंने बेटिंग राजू, एक जुआरी की भूमिका निभाई। जापानी खाद्य कंपनी एज़ाकी ग्लिकोने अपने बिस्कुट के पैकेट पर चरण की तस्वीर छापी। एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते हुए, उन्होंने फिल्म उद्योग में भाई-भतीजावाद के बारे में स्वीकार किया कि कोई भी दो लोग एक ही क्षमता के साथ पैदा नहीं होते हैं और एक ही स्टारडम हासिल नहीं कर सकते हैं।जुलाई 2022 में, रवीना टंडन ने कहा कि यश, प्रभास और राम चरण अब अखिल भारतीय नाम हैं।

जीवन ऊर्जा | सर सैयद अहमद खानः निधन 27 मार्च 1898 | देहावसान

## हमारे धर्म अलग हो सकते हैं, किंतु हमारा राष्ट्रीय दृष्टिकोण नहीं

सैयद अहमद खां का जन्म 17 अक्टूबर 1817 में दिल्ली के सादात ख़ानदान में हुआ था। उन्हे बचपन से ही पढ़ने लिखने का शौक़ था और उन पर पिता की तुलना में मां का विशेष प्रभाव था। सर सैयद अहमद ख़ान हिन्दुस्तानी शिक्षक और नेता थे जिन्होंने भारत के मुसलमानों के लिए आधुनिक शिक्षा की शुरुआत की। ये अपने समय के सबसे प्रभावशाली मुस्लिम नेता थे। उन्होंने उर्दू को भारतीय मुसलमानों की सामूहिक भाषा बनाने पर ज़ोर दिया। इनकी मृत्यु 27 मार्च 1898 को हृदय गति रुक जाने के कारण हुई।

ईश्वर ने चाहा था कि हिन्दू तथा मुसलमान इस देश की जलवायु में, इसके उत्पादन में समान भागीदार बनें और इसके लिए एक साथ मरें दो सगे भाई की तरह रहें। मैं चाहता हूं कि धर्म तथा समुदाय की विभिन्नताओं को भूलकर सभी को एक साथ संगठित हो जाना चाहिए। हमारे धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, किन्तु हमारा राष्ट्रीय दृष्टिकोण अलग नहीं हो सकता। इससे स्पष्ट है कि सर सैयद राष्ट्रीय विचारधारा से अनुप्रेरित थे। उनकी यह अभिलाषा थी कि दोनों जातियों का एक दृढ़ संगठन बन जाए जिससे राष्ट्र स्वयं उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता जाए। सुधार बड़ी सावधानी के साथ तथा शांतिपूर्ण ढंग से और इस्लाम के आधारभूत सिद्धांतों पर कोई आघात किये बिना किये जाना चाहिए।



यह सही हैं कि वह हिन्दू बहुसंख्यक समाज के प्रभुत्व से भयभीत थे तथा मुस्लिम समाज के पृथक राजनीतिक अस्तित्व की कल्पना करते थे, परन्तु पाकिस्तान का स्वप्न सैयद अहमद के विचारों में नहीं जिन्ना के विचारों में मुखरित हुआ। वे मूलतः एक राजनीतिक चिंतक थे ही नहीं। वे केवल अंग्रेज के पढ़ाए हुए तोते के समान थे। जब तक भारत में विभिन्न जातियों का मतभेद रहता हैं, तब तक प्रतिनिधि शासन का अर्थ होगा। बहुमत का अल्प मतों पर अत्याचार इससे जातीय तथा सांप्रदायिक विभेद और तीव्र हो जायेगा। इससे लोकप्रिय सरकार के प्रति सर सैयद की अनास्था स्पष्ट हैं। सुधार बड़ी सावधानी के साथ तथा शांतिपूर्ण ढंग से और इस्लाम के आधारभूत सिद्धांतों पर कोई आघात किये बिना किये जाना चाहिए। हिन्दू मुसलमानों दो अलग-अलग जातियां हैं जो कभी एक नहीं हो सकती। मैं समझता हूं की रूह बगैर तारीम के चितकबरे संग ए-मर्मर की तरह हैं। जब तक संग- तराश उसे नहीं तराशता,उसके खूबसूरत बेल-बुटे छुपे रहते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## नर्मदा के दर्शन मात्र से व्यक्ति पवित्र हो जाता है

(भाग 2)

जिसकी परिक्रमा देवता सिद्ध नाग यक्ष गंधर्व किन्नर मानव आदि सभी करते हैं कहते हैं। कि कभी भी नर्मदा को लांघना नहीं चाहिए। 10 भारत में कई नदियां पश्चिम से होकर पूर्व में बंगाल की खाड़ी में मिलती हैं वहीं नर्मदा जिसे रेवा भी कहते हैं जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है और अरब सागर में जाकर मिलती है। इन सबसे पवित्र नदियों में भी नर्मदा को और भी पवित्र और श्रेष्ठ बताया गया है। पुराणों में नर्मदा नदी को गंगा से भी श्रेष्ठ और मोक्षदायिदी कहा गया है। नर्मदा के तो मात्र दर्शन करने मात्र से ही जीवन के समस्त पाप नष्ट हो जाते है नर्मदा स्नान करके गंगा स्नान से कहीं अधिक पुण्य प्राप्त कर सकते है नर्मदा को तपस्विनी कहा गया हैजानिए कि यह बात शास्त्र सम्मत है। पुराण वेदमहाभारत और रामायण सभी ग्रंथों में इसका जिक्र है नर्मदा नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के अमरकंटक स्थान से होता है और गुजरात के खंबात की खाड़ी के समुद्र में इसका विलय हो जाता है। करीब 1300 किमी की यात्रा में नर्मदा पहाड़ जंगल और कई



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



प्राचीन तीर्थों से होकर गुजरती है इन चीजों के नाम इस प्रकार हैं।गंगा कनखले पुण्या कुरुक्षेत्रे सरस्वतीग्रामे वा यदि वारण्ये पुण्या सर्वत्र नर्मदा।अर्थात गंगा कनखल में और सरस्वती कुरुक्षेत्र में पवित्र है किंतु गांव हो या वन नर्मदा हर जगह पुण्य प्रदायिका महासरिता है।

**त्रिभीः सास्वतं तोयं सप्ताहेन तुयामुनम् सद्यः पुनीति गांगेयं दर्शनादेव नार्मदम्
मत्स्यपुराण**

सरस्वती में तीन दिन यमुना में सात दिन तथा गंगा में एक दिन स्नान करने से मनुष्य पावन होता है लेकिन नर्मदा के दर्शन मात्र से व्यक्ति पवित्र हो जाता है।पुराणों में वर्णित हैं कि नर्मदा जी वैराग्य की अधिष्ठात्री मूर्तिमान स्वरूप गंगा जी ज्ञान कीयमुना जी भक्ति की गोदावरी ऐश्वर्य की कृष्णा कामना की ब्रह्मपुत्रा तेज की और सरस्वती जी विवेक के प्रतिष्ठान के लिए संसार में आई हैं।मत्स्य पुराण में नर्मदा की महिमा का वर्णन कुछ इस तरह मिलता है कियमुना का जल एक सप्ताह में सरस्वती का तीन दिन मेंगंगा जल उसी दिन और नर्मदा का जल उसी क्षण पवित्र कर देता है।

5 भारतीय पुराणों के अनुसार नर्मदा नदी को पाताल की नदी माना जाता है नर्मदापुरम से आगे बहते हुए नेमावर में नर्मदा नदी का नाभि स्थल है कहा जाता है कि इस नदी के भीतर कई रास्ते हैं जिनसे पाताल लोक पहुंचा जा सकता है।

6 स्कंद पुराण में वर्णित है कि राजाहिरण्यतेजा ने चौदह हजार दिव्य वर्षों की घोर तपस्या से शिव भगवान को प्रसन्न कर नर्मदा जी को पृथ्वी तल पर आने के लिए वर मांगा शिव जी के आदेश से नर्मदा जी मगरमच्छ के आसन पर विराज कर उदयाचल पर्वत पर उतरीं और पश्चिम दिशा की ओर बहकर आगे चली गईं।

अपने विचार

2017 में यूपी में बीजेपी की सरकार बनते ही दंगे बंद हो गए। दंगों से वो डरेगा जो उनके सामने घुटने टेक देते हैं। हम तो उनको ठीक कर देते हैं। 'नहीं, ये दबंग स्टाइल नहीं है, ये हमारी शराफत का स्टाइल है।'



-**योगी आदित्यनाथ,**सीएम, उत्तर प्रदेश

यह एक बड़ा सवाल है कि दिल्ली की भाजपा सरकार विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण क्यों पेश नहीं कर रही है। बजट आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद ही पेश किया जाता है, क्योंकि यह परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है।



-**आतिशी,**पूर्व सीएम, दिल्ली

मैं कामरा को जानता हूं। हमारा डीएनए एक जैसा है। वह लड़ाकू है। वह माफी नहीं मांगेगा। अगर आपको उसके खिलाफ कार्रवाई करनी है, तो आपको कानूनी कदम उठाने होंगे।



-**संजय राउत** ,सांसद,शिवसेना (यूबीटी)

'सोनिया गांधी और राहुल गांधी को तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, जब तक कि वे क्वात्रोची के साथ अपने परिवार के संबंधों के बारे में पूरी जानकारी नहीं दे देते। तब तक उन्हें सांसद बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।



-**गौरव भाटिया,** , प्रवक्ता, भाजपा

अपने विचार

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन में ठाणे मनपा को राज्य में चौथा स्थान

**ठाणे।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) को राज्य में चौथा स्थान मिला है। पिछले साल यह आठवें स्थान पर थी। जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक तपेदिक उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों, मरीजों की देखभाल, दवा के फॉलो-अप, जन जागरूकता अभियान और ग़रीबों को गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दी गई सहायता के आधार पर यह रैंकिंग दी गई है। वर्ष 2024 में ठाणे मनपा क्षेत्र में 8143 नए टीबी मरीज पंजीकृत हुए। 6936 मरीजों को निक्षय पोषण योजना का लाभ मिला। 5772 मरीजों का सफल इलाज किया गया।

### महिला को अश्लील वीडियो के जरिए किया ब्लैकमेल

**भिवंडी।** काल्हेर इलाके में एक महिला को ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध की मांग करने और धमकाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने आरोपी आकाश मिलींद मिसाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 29 वर्षीय पीड़िता और आरोपी आकाश मिलींद मिसाल के बीच जान-पहचान थी, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने महिला की निजी तस्वीरें हासिल कर लीं। इसके बाद आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धमकी दी कि अगर उसने शारीरिक संबंध नहीं बनाए, तो वह तस्वीरें उसके पति को भेज देगा। 21 से 23 मार्च 2025 के बीच आरोपी ने पीड़िता और उनके मित्र से मारपीट की और जबरन एटीएम से 6,000 रुपये निकाल लिए। इसके बाद उसने महिला के निजी वीडियो और तस्वीरें उनके पति और अन्य लोगों को भेज दीं। घटना के बाद पीड़िता ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# जोगेश्वरी को मिलेगा नया हाईटेक मार्केट

संदीप कसालकर | मुंबई

**मुंबई के जोगेश्वरी (पूर्व) में स्थित नवलकर मार्केट के पुनर्विकास को आखिरकार रेलवे प्रशासन की मंजूरी मिल गई है। 2009 से इस परियोजना के लिए प्रयासरत मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के सांसद रविंद्र वायकर को बड़ी सफलता मिली है। यह मार्केट 1965 में बना था और 2015 में इसे धोकादायक घोषित किया गया था। सांसद वायकर ने इस बाजार को हॉन्गकॉन्ग मॉडल पर विकसित करने की मांग की थी और विधानसभा में इस मुद्दे को लगातार उठाया था।**

- 100 करोड़ की लागत
- 13 मंजिला इमारत



### पुनर्विकास का बजट और संरचना

पुनर्विकास योजना के तहत 3,065 वर्ग मीटर के कुल प्लॉट क्षेत्र पर 9,382 वर्ग मीटर का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 4 एफएसआई का उपयोग होगा। इस 13-मंजिला इमारत में 3 बेसमेंट सहित कुल 231 दुकानें होंगी। भूतल पर नॉनवेज मार्केट, पहली मंजिल पर सब्जी मंडी और दूसरी मंजिल पर फल बाजार स्थापित किए जाएंगे। तीसरी और चौथी मंजिल प्रकल्पग्रस्तों के लिए आरक्षित होगी, जबकि पांचवीं से दसवीं मंजिल तक कार्यालय होंगे। सुविधाओं में स्वतंत्र लिफ्ट, कोल्ड स्टोरेज, लॉबी और पर्याप्त पार्किंग शामिल होगी, जिससे आधुनिक और सुव्यवस्थित बाजार संरचना सुनिश्चित होगी।

### रेलवे मंत्री से बैठक और मंजूरी

वायकर ने रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस पुनर्विकास की आवश्यकता बताई थी। तकनीकी समस्याओं के कारण यह प्रोजेक्ट रुका हुआ था, लेकिन अब पश्चिम रेलवे प्रशासन ने 'ना हरकत प्रमाणपत्र' जारी कर दिया है, जिससे कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।

### योजना और समयसीमा

इस परियोजना पर लगभग 100 करोड़ खर्च होंगे और मानसून के बाद काम शुरू होने की संभावना है। इसे पूरा होने में 3 साल लग सकते हैं। रेलवे प्रशासन की हरी झंडी और सांसद रविंद्र वायकर के निरंतर प्रयासों से जोगेश्वरी के नागरिकों को जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया मार्केट मिलने जा रहा है।

# उल्हासनगर महानगरपालिका ने मनाया विश्व क्षय रोग दिवस

- स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का किया आयोजन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

टीबी जैसी जानलेवा बीमारी को खत्म करने का संकल्प, स्वस्थ समाज बनाने का प्रयास और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सामूहिक भागीदारी, इन उद्देश्यों के साथ उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। यह आयोजन केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं था, बल्कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे जड़ से खत्म करने की गंभीरता को उजागर करने का प्रयास किया गया।



### स्कूलों-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उल्हासनगर महानगरपालिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने आयुक्त मनीषा अव्हाले के मार्गदर्शन में स्कूलों और कॉलेजों में रंगोली और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने 'टीबी मुक्त भारत' विषय पर अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। 'निक्षय मित्र' जैसी समाजसेवी संस्थाओं ने टीबी रोगियों को पौष्टिक भोजन वितरित किया, जिसे लेकर मनपा ने उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह सामाजिक भागीदारी स्वास्थ्य अभियान को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित हो रही है।

### आयुक्त मनीषा अव्हाले के नेतृत्व में मजबूत अभियान

मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन अभियान औपचारिकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वास्तविक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है। उनके मार्गदर्शन में उल्हासनगर महानगरपालिका ने टीबी के खिलाफ सशक्त स्वास्थ्य अभियान जारी रखा है, जिससे नागरिकों को जागरूक करने के साथ-साथ रोगियों को सही इलाज भी मिल सके।

# रमाबाई अंबेडकर नगर में झुग्गीवासियों को चेक वितरित

### पुनर्विकास परियोजना को मिली गति

दीपक पवार | मुंबई

घाटकोपर स्थित रमाबाई अंबेडकर नगर और कामराज नगर के पुनर्विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) और एमएमआरडीए की संयुक्त परियोजना को गति मिल रही है। एसआरए ने पहले चरण में 4,000 झुग्गीवासियों में से लगभग 3,200 को चेक वितरित कर दिए हैं। शेष निवासियों को चेक वितरित करने के बाद मई के अंत तक भूखंड एमएमआरडीए को सौंप दिया जाएगा।



### झुग्गी पुनर्वास योजना का प्रभावी कार्यान्वयन

सरकार ने 31 जुलाई 2024 को झुग्गीवासियों को उचित आवास और पुनर्वास प्रदान करने के लिए एसआरए और एमएमआरडीए के साथ एक संयुक्त समझौते को लागू करने का निर्णय लिया था। इस योजना के तहत 16,000 झुग्गीवासियों का बायोमेट्रिक सर्वेक्षण मात्र छह महीने में पूरा कर लिया गया। जबकि सामान्यत: पात्रता निर्धारण में एक से डेढ़ साल का समय लगता है, लेकिन इस परियोजना को तेजी से लागू करने के लिए एसआरए ने 10 सक्षम प्राधिकरणों की नियुक्ति की।

### मई 2025 तक भूखंड का हस्तांतरण और पुनर्विकास कार्य

एसआरए अधिकारी और कर्मचारी पिछले चार महीनों से लगातार झुग्गीवासियों के साथ समझौता करने, चेक जारी करने और झुग्गियां हटाने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था में सहायता करने का कार्य कर रहे हैं। मई 2025 के अंत तक भूखंड को एमएमआरडीए को हस्तांतरित कर दिया जाएगा और फिर एमएमआरडीए के माध्यम से पुनर्वास कार्य की योजना को लागू किया जाएगा।

### झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए ठोस प्रयास

एसआरए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेंद्र कल्याणकर के मार्गदर्शन में, झुग्गीवासियों को जागरूक करने के लिए स्थानीय स्तर पर बैठकें आयोजित की गईं और सोसायटी समिति सदस्यों से संवाद किया गया। योजना के तहत झुग्गीवासियों को दो साल का किराया अग्रिम रूप से और एक साल का किराया पोस्ट-डेटेड चेक के माध्यम से दिया गया। चेक वितरण के लिए 20 लेखा परीक्षकों की विशेष टीम गठित की गई। परियोजना के लिए एसआरए ने 100 करोड़ रुपये और पुनर्विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट तय किया है।

# चौहान एकता फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह संपन्न

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर। उल्हासनगर में चौहान एकता फाउंडेशन द्वारा 23 मार्च को पूज्य पंचायत हॉल में भव्य सांस्कृतिक होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी संजय गुप्ता और अनिल पांडे सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद चौहान ने अतिथियों का स्वागत हृदय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा देकर किया। इस आयोजन के तहत सफल म्यूजिक ग्रुप ने भोजपुरी सांस्कृतिक और कजरी गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे समारोह में रंगारंग माहौल बना। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लेते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव का आनंद लिया।



### ये हुए शामिल

समारोह में समाजसेवक डॉ. संजय गुप्ता, विजय सिंह चौहान, राम अवध चौहान, शिवनारायण चौहान सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। चौहान एकता फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखाई, जिसमें संस्था के अध्यक्ष ज्ञानचंद चौहान, उपाध्यक्ष राजाराम चौहान, महासचिव सुरेश चौहान, कोषाध्यक्ष राममिलन चौहान समेत अन्य पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। फाउंडेशन समाज सेवा और जागरूकता के प्रति निरंतर सक्रिय रहता है और इसी उद्देश्य के साथ यह आयोजन भी किया गया।

# 'फूलों की होली' का ऐतिहासिक आयोजन संपन्न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

हिंदी सामाजिक संस्था (रजि.) द्वारा आयोजित 'फूलों की होली' का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में हिंदी भाषी समाज के लोगों ने इसमें भाग लिया और इस सांस्कृतिक आयोजन को यादगार बना दिया। फूलों की वर्षा, भक्तिमय भजनों की गूंज और रंगारंग प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। जब फूलों की बौछार हुई, तो पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। संस्था के अध्यक्ष एवं आयोजक अविनाश पांडेय ने कहा कि होली हमारे लिए सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और एकता का संदेश देने का अवसर है।



### गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया, जिनमें सिद्धिविनायक ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी, पूर्व एमएलसी चरण सिंह सप्रा, पूर्व नगरसेवक बीके तिवारी, पत्रकार, समाजसेवी एवं व्यवसायी सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। इस कार्यक्रम की सफलता में आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही।

# तन्वी मुल्ये का वाटर पोलो एशियन चैंपियनशिप कैंप के लिए चयन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका के राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज और छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा की एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा तन्वी मुल्ये को 11वें वाटर पोलो एशियाई चैंपियनशिप शिविर के लिए चुना गया है।

यह कैंप अक्टूबर 2025 में होने वाली वाटर पोलो एशियन चैंपियनशिप के लिए संभावित टीम के चयन की प्रक्रिया का हिस्सा है।



वर्तमान में बेंगलुरु में चल रहे इस कैंप में तन्वी हिस्सा ले रही हैं, जो एक महीने तक चलेगा।

### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

तन्वी मुल्ये वाटर पोलो में पारंगत हैं और 2019 से राष्ट्रीय स्तर के जूनियर और सीनियर ग्रुप प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत चुकी हैं। वर्ष 2023 में उन्हें भुवनेश्वर में अंडर-20 आयु वर्ग के अंतर्राष्ट्रीय वाटर पोलो प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण लेने का अवसर भी मिला।

# कल्याण और भांडुप सर्किल में बकाया बिजली बिल पर सख्ती

- 10,000 से अधिक कनेक्शन कटे
- 25 लाख उपभोक्ताओं पर 129 करोड़ रुपये का बकाया

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

**महावितरण ने कल्याण और भांडुप मंडल में बिजली बिल बकाया होने पर बिजली आपूर्ति बंद करने का अभियान तेज कर दिया है। मार्च माह में अब तक 10,177 बकायादार निम्न-वोल्टेज उपभोक्ताओं की बिजली अस्थायी रूप से काटी जा चुकी है। महावितरण ने उपभोक्ताओं से तत्काल भुगतान करने की अपील की है ताकि कठोर कार्रवाई से बचा जा सके।**



### कल्याण सर्कल में 53 करोड़ से अधिक बकाया

मार्च में अब तक कल्याण सर्कल में 5,564 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई है। इसमें कल्याण मंडल I के अंतर्गत 1,252 ग्राहक, कल्याण मंडल II के अंतर्गत 1,700, वसई मंडल में 2,402 और पालघर मंडल में 210 ग्राहक शामिल हैं। मार्च के अंत तक कल्याण सर्कल में विभिन्न श्रेणी के निम्न-वोल्टेज उपभोक्ताओं से 53 करोड़ 4 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया वसूला जाना बाकी है।

### भांडुप सर्कल में 75 करोड़ से अधिक बकाया

भांडुप सर्कल में 4,613 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई है। इसमें ठाणे सिटी डिवीजन के अंतर्गत 1,298 ग्राहक, वाशी डिवीजन के अंतर्गत 1,779 और पेन डिवीजन के 1,536 ग्राहक शामिल हैं। भांडुप सर्कल में विभिन्न श्रेणी के निम्न-वोल्टेज उपभोक्ताओं से 31 मार्च तक 75 करोड़ 96 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया वसूलना चुनौती है।

### बकाया चुकाने के लिए 31 मार्च तक का मौका

अभय योजना के तहत स्थायी रूप से कटे कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को 31 मार्च तक एकमुश्त या छह किस्तों में मूल बकाया राशि चुकाकर बिजली कनेक्शन पुन: प्राप्त करने का मौका दिया गया है। अब तक 16,500 उपभोक्ताओं ने 35.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। संतान संबंधी चिंता कम होगी। स्वाभाविक सोच में बदलाव आएगा। रुका पैसा प्रयास करने पर प्राप्त होने के योग हैं।

**वृष:** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। प्रमाद न करें। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी। अपनी योजनाओं में परिवर्तन करना होगा। प्रतिस्पर्धा, शत्रुता से परेशानी संभव है।

**मिथुन:** मेहमानों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धनार्जन होगा। नियमित कर्ज, लेनदेन में कटौती करना होगी। योजनाओं पर चर्चा, कार्य के प्रति लगन रह पाएगी।

**कर्क:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम न लें। बड़े व्यक्तियों से भेंट का लाभ मिलेगा। कानूनी कार्यों में समय सीमा का ध्यान रखें।

**सिंह:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शुभ समय। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पैतृक संपत्ति के क्षेत्रों में उन्नति होगी।

**कन्या:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। मनोविनोद के अवसर मिलेंगे। भाई-बहनों से संबंध प्रगाढ़ होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देना

**तुला:** व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बुरी खबर मिल सकती है। चिंता रहेगी। मानसिक शांति रहेगी। व्यापारिक विवादों का आसान हल निकाल सकेंगे। वाणी पर संयम रखना चाहिए।

**वृश्चिक:** आकस्मिक खर्च अधिक होगा। तनाव रहेगा। थकान रहेगी। जोखिम न लें। धैर्य रखें। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। संघर्ष, भागदौड़ के बाद रोजगार में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं।

**धनु:** योजना फलीभूत होगी। कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रमाद न करें। संतान, भाइयों से लाभ होगा। घरेलू उपयोग की वस्तुएँ क्रय करेंगे।

**मकर:** राजकीय मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। सामान्य प्रतिष्ठा, सम्मान से उत्साहित रहेंगे। खर्चों में कमी का प्रयास करना होगा।

**कुंभ:** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। जोखिम न लें। जल्दबाजी न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। उच्चाधिकारियों से सम्मान एवं महत्व प्राप्त हो सकेगा।

**मीन:** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से बचें। थकान रहेगी। परिवार में आर्थिक समस्या को लेकर विचार-विमर्श होगा।

# शुक्र को बली और शुभ करने के उपाय

शुक्र एक चमकीला ग्रह है। यह रजोगुणी है। इसके अशुभ प्रभाव के कारण शरीर में शुगर, वीर्य नाश, गुप्त रोग, आदि की पीडा होती है। यह वीर्य, मुख, गला, गुप्तेन्द्रिय, का कारक है। इसका स्वभाव राजसी सौम्य है। इसकी धातु चांदी व रत्न सफेद हीरा है। अंगुलियों में अनामिका पर इसका अधिकार है।

इसके अशुभ प्रभाव के निवारण के लिए अपनी क्षमता और सुविधानुसार नीचे लिखें उपाय करने चाहिये-

हर शुक्रवार को चावलों की खील या सफेद ज्वार की फुल्ली में चीनी मिलाकर बछिया को कम से कम बीस शुक्रवार खिलाना चाहिये।

चांदी के सिक्के से अंगुठी बनवाकर शुक्रवार को प्रदोष काल में दायें हाथ की अनामिका अंगुली में पहननी चाहिये। चांदी के तार में छोटे छोटे शंखों से गुथी माला शुक्रवार सूर्यास्त के बाद धारण करनी चाहिये।

शुक्रवार पूर्णिमा को गन्ने के रस से भगवान महादेव का अभिषेक करना चाहिये। श्री सूक्त से हवन करना चाहिये। किसी महिला आश्रम में





प्रियंका जैन
9769994439

सिलाई या बुनाई मशीन शुक्रवार के दिन दान करनी चाहिये। उदित शुक्र के समय सफेद कपडे में चावल, चीनी, चांदी का टुकडा, मीठा फल, तथा दक्षिणा सहित ब्राहमण की कन्या को दान करना चाहिये।

रंगीन वस्त्र, रेशमी कपड़े, घी, सुगंध, चीनी, खाद्य तेल, चंदन, कपूर का दान शुक्र ग्रह की विपरीत दशा में सुधार लाता है। शुक्र से सम्बन्धित रत्न का दान भी लाभप्रद होता है। इन वस्तुओं का दान शुक्रवार के दिन संध्या काल में किसी युवती को देना उत्तम रहता है। शुक्र ग्रह से सम्बन्धित क्षेत्र में आपको परेशानी आ रही है तो इसके लिए आप शुक्रवार के दिन व्रत रखें। मिठाईयां और खीर कौओं और गरीबों को दें। ब्राह्मणों एवं गरीबों को घी भात खिलाएं। अपने भोजन में से एक हिस्सा निकालकर गाय को खिलाएं। शुक्र से सम्बन्धित वस्तुओं जैसे सुगंध, घी और सुगंधित तेल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

वस्त्रों के चुनाव में अधिक विचार नहीं करें। काली चींटियों को चीनी खिलानी चाहिए। शुक्रवार के दिन सफेद गाय को आटा खिलाना चाहिए।

किसी काने व्यक्ति को सफेद वस्त्र एवं सफेद मिष्ठान्न का दान करना चाहिए

किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए जाते समय १० वर्ष से कम आयु की कन्या का चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेना चाहिए। अपने घर में सफेद पत्थर लगवाना चाहिए। किसी कन्या के विवाह में कन्यादान का अवसर मिले तो अवश्य स्वीकारना चाहिए। शुक्रवार के दिन गौ-दुग्ध से स्नान करना चाहिए। शुक्र के दुष्प्रभाव निवारण के लिए किए जा रहे टोटकों हेतु शुक्रवार का दिन, शुक्र के नक्षत्र (भरणी, पूर्वा-फाल्गुनी, पुर्वाषाढ़ा) और शुक्र की होरा में अधिक शुभ होते हैं।

शुक्र- ओम द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः इस मंत्र के किसी विद्वान ब्राहमण से 16.000 जाप करवाने चाहिये। तथा आपको भी प्रतिदिन एक माला अवश्य जपनी चाहिये।

शुक्र गायत्री मंत्रः- ओम भृगुवंश जाताय विद्महे श्वेतवाहनाय धीमहि तन्नः कविः प्रचोदयात।

शुक्र गायत्री मंत्र की प्रतिदिन एक माला जपने से भी शुक्र के शुभ फल प्राप्त होते है।

शुक्र के हवन में समिधा के रूप में उदुम्बर की लकडी का प्रयोग होता है। इसके अलावा इसकी जड को शुक्रवार को सफेद कपडे में सिलकर पुरूष दायें हाथ में और स्त्री बायें हाथ में बांध सकते है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## दंतेवाड़ा में 3 इनामी समेत 6 नक्सलियों का सरेंडर

**एजेंसी । दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास और फोर्स की रणनीति के कारण प्रदेश में लाल आतंक बैकफुट पर हैं। नक्सली बड़ी संख्या में सरेंडर कर रहे हैं।वहीं दूसरी ओर जो नक्सली फोर्स की कार्रवाई से डरकर जंगलों में छिपे बैठे हैं,उन्हें भी फोर्स उनके अंजाम तक पहुंचा रही है। इसी कड़ी में लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान से प्रभावित होकर 06 नक्सलियों ने सरेंडर किया। जिनमें से 03 इनामी नक्सली हैं। जिन पर 13 लाख रुपए का इनाम था। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में महिला नक्सली शांति मंडावी कंपनी नंबर 6 सदस्य भी है।जिन पर 8 लाख का इनाम घोषित है।

## अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी । रांची**



कांके इलाके में जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार हत्या दी गई है। कांके चौक के पास अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस हत्याकांड की तफ्तीश में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार अनिल टाइगर किसी काम के सिलसिले में आकर कांके चौक के पास खड़े थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनको गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने के बाद अनिल टाइगर जमीन पर गिर पड़े। आस पास मौजूद लोगों ने उन्हें आनन - फानन में रांची के रिम्स अस्पताल पहुचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गोलीबारी में शामिल अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस की कई टीम अपराधियों का सुराग हासिल करने के लिए एक साथ काम कर रही है। पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर राजनीतिक रूप से भी काफी सक्रिय रहे थे। आजसू और भाजपा के लिए सक्रिय राजनीति की थी। अनिल टाइगर कांके इलाके के ही रहने वाले थे। वो कोकर में चड्डा पेट्रोल पंप के पास रहते थे। उनकी हत्या के बाद कांके इलाके में गम का माहौल है। कांके महावीर मंडल का दो दिन पहले ही अनिल टाइगर को अध्यक्ष बनाया गया था। आक्रोशित लोगों ने कांके चौक को जाम कर दिया है।

## पूर्व एमएलए चितरंजन शर्मा का निधन

**एजेंसी । पटना**



बिहार के अरवल के पूर्व विधायक चितरंजन शर्मा का निधन बुधवार को हो गया। ब्लड कैंसर से पीड़ित पूर्व विधायक हैदराबाद के निजी अस्पताल में भर्ती थे। वहीं पर सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली। निधन के बाद इनके पार्थिव शरीर को विशेष विमान से पटना लाया जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार होगा। पूर्व विधायक के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक का माहौल है। पटना के धनरूआ के नीमा गांव निवासी चितरंजन शर्मा 'पांडव सेना' से चर्चा में आए थे। पांच युवकों ने मिलकर नक्सलियों से लोहा लेने के लिए इसका गठन किया गया था, लेकिन एक समय आया जब यह सेना दो गुटों में बंट गया था। दोनों गुट के सदस्यों की हत्याएं होने लगी थी। इनके दो भाई की भी हत्या इसी गिरोह के दूसरे गुट के लोगों के द्वारा कर दी गयी थी। चितरंजन शर्मा बिहार में अपराध को खत्म करने के लिए यूपी मॉडल लाने के लिए भी चर्चा में आए थे।

बोकारो वन भूमि घोटाला

# पुरुलिया के कागजात खोलेंगे घोटाले का राज

▶▶ 117 एकड़ जमीन की हेराफेरी, सीआईडी ने पुरुलिया से मांगे कागजात

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के बोकारो जिले में 117 एकड़ से अधिक वन भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने के मामले में सीआईडी ने बड़ा खुलासा किया है। जांच के दौरान सामने आया है कि इस जमीन के ओरिजिनल दस्तावेज पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में मौजूद हैं। इसे लेकर सीआईडी ने पुरुलिया के कमिश्नर से आधिकारिक कागजात उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।



### किन लोगों पर गिरी गाज?

इस मामले में सीआईडी ने इजहार हुसैन, अख्तर हुसैन, शैलेश कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, जैन सिंह, सचिन प्रसाद पांडे, सत्येंद्र सत्यार्थी, माधव प्रसाद सिन्हा और आरबी सिंह को आरोपी बनाया है।

### कैसे हुआ घोटाला?

सीआईडी के मुताबिक, यह जमीन बोकारो स्टील प्लांट (BSL) को वन विभाग को लौटानी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बाद में भू-माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी कागजात तैयार कर इस पूरी जमीन को हड़प लिया गया और बेच दिया गया।

### कैसे खुला घोटाले का राज?

बोकारो वन प्रमंडल के प्रभारी वनपाल सह वनरक्षक रुद्र प्रताप सिंह ने मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि भूमाफिया, अंचल कर्मी और बीएसएल के अधिकारियों की मिलीभगत से यह जमीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेची गई। सीआईडी ने बोकारो के सेक्टर 12 थाने में दर्ज इस मामले को टेकओवर कर गहन जांच शुरू की।

### सीआईडी ने तेज की जांच

सीआईडी के आईजी सुदर्शन कुमार मंडल ने बताया कि जांच की दिशा को और मजबूत करने के लिए पश्चिम बंगाल के डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखा गया है, ताकि जमीन के असली दस्तावेज हासिल किए जा सकें। अब तक की जांच में यह साफ हो चुका है कि बीएसएल ने वन विभाग को जमीन का उचित ढंग से हैंडओवर नहीं किया, जिसका फायदा भू-माफियाओं ने उठाया। इस मामले में कई बड़े अधिकारी और सरकारी कर्मी भी सीआईडी की रडार पर हैं और जल्द ही गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## सीएम योगी का आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज



**एजेंसी । आजमगढ़**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो शेयर करने का मामला सामने आया है। यह वीडियो अलमदार शेख नामक युवक की इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट किया गया था, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आरोपी की पहचान और विवादित पोस्ट

आरोपी युवक आजमगढ़ जिले के सगड़ी तहसील का निवासी है। उसने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जालीदार टोपी पहने हुए दिखाया है। इसके अलावा, आरोपी की इंस्टाग्राम आईडी पर कई अन्य विवादित पोस्ट भी मिले हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### पुलिस का बयान और कार्रवाई

इस संबंध में एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के आरोप में कार्रवाई की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उसे हिरासत में लिया जाएगा।

## आगरा में 635 करोड़ की 128 योजनाओं का लोकार्पण

**एजेंसी । आगरा**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 635 करोड़ रुपये की 128 विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और लाभार्थियों को चेक व टूलकिट वितरित किए।

### आगरा की पहचान मुगलों से नहीं, छत्रपति शिवाजी से : योगी

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगरा की पहचान छत्रपति शिवाजी, राधारानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है, न कि मुगलों से। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल प्रदेश की विरासत को संवार रही है, बल्कि विकास को भी गति दे रही है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, नैमिषारण्य और बटेश्वर इसके उदाहरण हैं।

### युवाओं के लिए रोजगार, माफिया पर सख्ती

सीएम योगी ने कहा कि अब तक 8 ।50 लाख युवाओं को रोजगार दिया गया है, हाल ही में पुलिस भर्ती में 60 हजार युवाओं को नौकरी मिली, जिसमें 12 हजार बेटियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में गुंडे, माफिया और दंगाई हावी थे, लेकिन हमने ₹वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया₹ की जगह ₹वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट₹ लागू किया है। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से मुलाकात की, उन्हें प्रोत्साहित किया और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## हरिद्वार पुलिस महकमे में बंपर तबादले

12 दरोगा हुए इधर से उधर, 6 महिला एसआई भी शामिल



**हरिद्वार।** जिले के एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने एक बार फिर से 12 दरोगाओं का ट्रान्सफर किया है। देर रात जारी की गई ट्रांसफर लिस्ट में 6 महिला दरोगाओं के नाम भी शामिल हैं। जिन दरोगाओं का ट्रांसफर किया गया है, उनसे जल्द से जल्द अपने नए तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने को कहा गया है।

हरिद्वार जिले में सब इंस्पेक्टर्स के ट्रांसफरः एसपी सिटी कार्यालय में तैनात ऋषिकांत पटवाल को नगर कोतवाली और एसआईएस शाखा में तैनात प्रदीप राठौर को रुड़की कोतवाली में नई तैनाती मिली है। प्रदीप राठौर को कुछ दिन पहले ही हर की पैड़ी चौकी से हटाकर एसआईएस शाखा में तैनाती दी गई थी। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात विजय कुमार थपलियाल को रुड़की कोतवाली और बालम सिंह को रुड़की कोतवाली में तैनाती दी गई है।

## 100 साल पुराने 'महावृक्ष' को बचाने की कवायद शुरू

▶▶ बरसाती नदी के कटाव से खतरे में हल्द्वानी का ऐतिहासिक 'चैंपियन ट्री'

**एजेंसी । हल्द्वानी**

उत्तराखंड के नंधौर वन्यजीव अभयारण्य में स्थित 100 साल से अधिक पुराने ऐतिहासिक सेमल के वृक्ष 'चैंपियन ट्री' को बचाने के लिए वन विभाग ने अभियान शुरू किया है। यह वृक्ष अपनी जैव विविधता और प्राकृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन इसके पास से बहने वाली बरसाती नदी के कटाव के कारण इसकी जड़ें कमजोर हो रही हैं, जिससे इसके गिरने का खतरा बढ़ गया है।

### 94 फीट परिधि और 36 मीटर ऊंचाई वाला 'चैंपियन ट्री'



हल्द्वानी वन प्रभाग के जौलासाल रेंज में स्थित इस महावृक्ष की परिधि 94 फीट (28 मीटर) और ऊंचाई 36 मीटर है। इसे 2015 में वन अधिकारी त्रिलोक सिंह बिष्ट, हेम पांडे और धर्म प्रकाश मौलखी की टीम ने घने जंगलों के बीच खोजा था। तभी से इसे 'चैंपियन ट्री' के नाम से जाना जाता है।

### वन विभाग ने शुरू किया संरक्षण अभियान

डीएफओ हल्द्वानी वन प्रभाग कुंदन कुमार ने बताया कि जिस तरह बाघ, हाथी जैसे वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है, उसी तरह जंगलों के संतुलन के लिए पुराने विशाल वृक्षों का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नदी के किनारे तटबंध तैयार किया गया है, जिससे भू-कटाव को रोका जा सके और वृक्ष को संरक्षित किया जा सके। यह महावृक्ष पक्षियों, कीटों, चमगादड़ों और अन्य जीवों के लिए एक महत्वपूर्ण वास स्थल है। इसे उत्तराखंड की प्राकृतिक धरोहर माना जाता है। डीएफओ ने कहा कि जिस प्रकार ऐतिहासिक इमारतों और मंदिरों का संरक्षण किया जाता है, उसी तरह प्राचीन वृक्ष भी इतिहास के जीवंत साक्षी होते हैं और इन्हें बचाना हमारी प्राथमिकता है।

# व्यापार जगत

## पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए डायनेमिक कैंडिडेट ओपन हाउस

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार गुरुवार को पिछले सत्रों की सफलता के आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए एक और कैंडिडेट ओपन हाउस आयोजित करने जा रही है। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए इस कुशल कैंडिडेट ओपन हाउस की मेजबानी करेगा। इसमें शामिल उद्योग विशेषज्ञ आवेदकों के प्रश्नों का उसी वक्त उत्तर देंगे। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि एमसीए अपने पिछले सत्रों की सफलता के आधार पर 27 मार्च को पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए एक और कैंडिडेट ओपन हाउस की मेजबानी करेगा। इस आगामी सत्र को खासतौर पर रोमांचक बनाने वाला विशेष खंड है, जिसमें उद्योग के विशेषज्ञ शामिल होंगे और इंटर्नशिप के महत्व, करियर निर्माण रणनीतियों और पेशेवर विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## भारती एयरटेल ने 5,985 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम देनदारी चुकाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने 5,985 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम देनदारी का भुगतान दूरसंचार विभाग (DoT) को कर दिया है। कंपनी ने इस राशि का भुगतान उच्च ब्याज दर (8.65%) वाली स्पेक्ट्रम देनदारी को खत्म करने के लिए किया है।



### एयरटेल ने किया बड़ा प्रीपेड भुगतान

एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 25,981 करोड़ रुपये की उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारी का प्रीपेड भुगतान किया है। अब तक संचयी रूप से कंपनी 66,665 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम देनदारी चुका चुकी है। एयरटेल की सहायक कंपनी नेटवर्क आई2आई लिमिटेड ने 1 अरब डॉलर के परपेचुअल नोट्स भी स्वेच्छा से मंगाए और भुनाए हैं।

### स्पेक्ट्रम कर्ज में कमी, लागत भी घटी

कंपनी ने कहा कि उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारियों का पूर्व भुगतान जारी रखा गया है, जिससे कर्ज और उसकी लागत में कमी आ रही है। इस हालिया भुगतान से एयरटेल की वित्तीय स्थिति और नकदी प्रवाह को मजबूती मिलेगी। दूरसंचार क्षेत्र में 5G विस्तार और वित्तीय स्थिरता के मद्देनजर एयरटेल का यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## गोल्ड डिपॉजिट स्कीम के कुछ हिस्से बंद



**एजेंसी । मुंबई**

भारत सरकार ने गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के कुछ हिस्सों को बंद कर दिया है। इस स्कीम में घर में रखे सोने को जमा करने पर 2.50% तक ब्याज मिलता है। गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम में 1 से 3 साल, 5 से 7 साल और 12 से 15 साल के लिए गोल्ड जमा कर सकते है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि 5 से 7 और 12 से 15 साल वाली स्कीम को बंद कर दिया गया है। स्कीम बंद करने का कारण बाजार की बदलती परिस्थितियों और योजना के प्रदर्शन को बताया है। मंत्रालय ने कहा कि बैंक शॉर्ट टर्म गोल्ड डिपॉजिट ऑफर करना जारी रख सकते हैं।

साल 2015 में सरकार ने इसे शुरू किया था। इस स्कीम में आइडल गोल्ड (ऐसा सोना जिसका इस्तेमाल न हो रहा हो) को बैंक में जमा कर 2.5% तक ब्याज कमा सकते हैं। इस योजना के तहत, जमा किए गए सोने को ज्वेलर्स को उधार देकर उत्पादक उपयोग में लाया जाता है।

## 7 दिन की तेजी के बाद गिरा बाजार

▶▶ सेंसेक्स 728 अंक नीचे 77,288 पर बंद, निफ्टी 181 अंक लुढ़का

**एजेंसी । मुंबई**

लगातार 7 दिन तक तेजी के बाद बुधवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 728 अंक नीचे 77,288 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 181 अंक की गिरावट रही, ये 23,486 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट 4 में तेजी रही। टॉप गेनर इंडसइंड बैंक के शेयर में 3.36% ऊपर बंद हुआ। जबकि NTPC और जोमैटो के शेयर 2.5% नीचे आ गए। NSE के 50 शेयरों में से 40 में गिरावट जबकि 10 में तेजी रही।



### क्यों गिरा बाजार?

**प्रॉफिट बुकिंग:** पिछले 7 दिनों में सेंसेक्स 4,189 और निफ्टी 1,271 अंक चढ़ा था, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूला।

**अमेरिकी टैरिफ की आशंका:** डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा 2 अप्रैल को घोषित होने वाले नए टैरिफ को लेकर अनिश्चितता।

**तेल की बढ़ती कीमतें:** कच्चे तेल के दाम 3 हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंचे, जिससे मुद्रास्फीति की चिंता बढ़ी।

**बैंकिंग-आईटी शेयरों में गिरावट:** HDFC बैंक, इंफोसिस, RIL जैसे भारी-भरकम शेयरों ने सेंसेक्स को 440 अंक नीचे खींचा।

## मारुति सुजुकी का बड़ा निवेश, खरखौदा में 7410 करोड़ से बनाएगी तीसरा संयंत्र



2029 तक पूरा होगा प्लांट, वार्षिक उत्पादन क्षमता होगी 7.5 लाख इकाई

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (MSI) हरियाणा के खरखौदा में अपना तीसरा उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए 7410 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। कंपनी के निदेशक मंडल ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है, जिससे कंपनी के वार्षिक उत्पादन में 2.5 लाख वाहन और जुड़ जाएंगे।

मारुति सुजुकी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी गई नियामक फाइलिंग में बताया कि इस नई सुविधा से उत्पादन क्षमता 2029 तक पूरी तरह से बढ़कर 7.5 लाख इकाई तक पहुंच जाएगी।

### वर्तमान स्थिति

खरखौदा में पहले से ही 2 .5 लाख वाहनों की वार्षिक उत्पादन क्षमता मौजूद है। एक अन्य संयंत्र निर्माणाधीन है, जिसकी 2 .5 लाख वाहनों की अतिरिक्त क्षमता होगी। तीसरे संयंत्र की स्थापना के साथ, खरखौदा में कुल वार्षिक उत्पादन 7 .5 लाख इकाई तक पहुंच जाएगा। मारुति सुजुकी ने कहा कि निर्यात और घरेलू बाजार में बढ़ती मांग के मद्देनजर यह निवेश किया जा रहा है। कंपनी इस निवेश को अपने आंतरिक संसाधनों से ही पूरा करेगी।

## पूर्व ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। संजय कुमार मिश्रा को सचिव स्तर का दर्जा दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने मंगलवार को ईडी के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दे दी।

# हैदराबाद के गढ़ में लखनऊ को जीत की तलाश

**आमने-सामने**

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 4 |
| लखनऊ जीता : | 3 |
| हैदराबाद जीता : | 1 |

**नंबर गेम**

- 2 मुकाबले दोनों ने हैदराबाद में खेले हैं एक सनराइजर्स और एक लखनऊ ने जीता है
- 10 विकेट से पराजित किया था हैदराबाद ने लखनऊ को पिछले साल



**पंत की टीम के लिए आसान नहीं होगा सनराइजर्स के बल्लेबाजी आक्रमण से पार पाना**

एजेंसी । हैदराबाद

आईपीएल 2024 के पहले मैच में हार का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) की टीम गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के खिलाफ अपनी पहली जीत की तलाश में उतरेगी। हालांकि, ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ टीम के लिए यह आसान नहीं होगा, क्योंकि हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में माहिर हैं।

### हैदराबाद की बल्लेबाजी फॉर्म में

सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 286/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया था और 44 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में ईशान किशन ने तूफानी शतक जड़ा, जबकि अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन भी शानदार फॉर्म में नजर आए।

### LSG को चाहिए सटीक रणनीति

लखनऊ को हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए गेंदबाजी में स्पष्ट रणनीति अपनानी होगी। छोटी-छोटी गलतियां टीम के लिए भारी पड़ सकती हैं। पंत की कप्तानी पर भी इस मुकाबले में नजर रहेगी कि वे किस तरह अपनी टीम को वापसी दिलाते हैं।

### लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए गेंदबाजी सबसे बड़ी चिंता

लखनऊ सुपर जायंट्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक विकेट से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। उस मैच में टीम की गेंदबाजी कमजोर कड़ी साबित हुई। स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर बाकी गेंदबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। मोहसिन खान के चोटिल होने से तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर हो गया है। ऐसे में शार्दुल ठाकुर पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी। कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे और विकेटकीपिंग में भी चूक हुई थी, जिससे टीम को हार का सामना करना पड़ा था। मार्श और निकोलस पूरन ने पिछले मैच में आक्रामक बल्लेबाजी की थी और टीम को उनसे इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

# पदक पर निशाना लगाने के लिए शूटर रवाना

एजेंसी । नई दिल्ली



भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ। ये शूटर साल के पहले विश्व कप में भाग लेंगे जो 3 अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन-तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### 15 पदक स्पर्धाएं होंगी

कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया। पूर्व विश्व नंबर एक निशानेबाज सौरभ चौधरी करीब डेढ़ साल के अंतराल के बाद विश्व कप में वापसी कर रहे हैं। ऐसा ही अनुभवी पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह के साथ है।

# अर्जेंटीना ने विश्व कप में जगह बनाई

- तीन बार की चैंपियन टीम ने क्वालीफायर मुकाबले में 4-1 से जोरदार जीत दर्ज की
- मुख्य दौर का टिकट कटाने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बनी



एजेंसी । ब्यूनस आयर्स

तीन बार की और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। उसने मंगलवार रात खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 4–1 से करारी शिकस्त दे दी। एक अन्य मुकाबले में बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने से अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोलरहित ड्रॉ रहा।

### ब्राजील क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर

ब्राजील क्वालीफाइंग में 21 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। वह शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना से 10 अंक जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद इक्वाडोर से केवल दो अंक पीछे है। इक्वाडोर को चिली ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका। तीसरे स्थान पर काबिज उरुग्वे और पांचवें स्थान पर काबिज पराग्वे के भी 21 अंक हैं और कोलंबिया उनसे एक अंक पीछे छठे स्थान पर है। वेनेजुएला 15 अंक से सातवें स्थान पर है। उसने नौवें स्थान पर मौजूद पेरू पर 1–0 की जीत हासिल की। दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली छह टीमें विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान की टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी। अभी सभी टीमों को चार-चार मुकाबले और खेलने हैं।

### सबसे बुरी हार

इसके बाद अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद मोनुमेंटल डी नुनेज स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील पर जोरदार जीत दर्ज की। दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग इतिहास में ब्राजील की सबसे बुरी हार ने कोच डोरिवल जूनियर पर दबाव बढ़ा दिया, जिन्होंने पिछले साल जनवरी में पदभार संभाला था।

### पहली बार दोनों मैच जीते

अर्जेंटीना ने मैच में शुरू से दबदबा बनाए रखा। यह पहला अवसर है जबकि अर्जेंटीना ने विश्व कप क्वालीफाइंग में ब्राजील के खिलाफ दोनों मैच जीते। अर्जेंटीना ने केवल 12 मिनट के अंदर ही दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। उसकी तरफ से जूलियन अल्वारेज ने चौथे मिनट में पहला गोल किया। इसके आठ मिनट बाद एंज़ो फर्नांडीज ने उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। ब्राजील की तरफ से मैथियस कुन्हा ने 26वें मिनट में गोल किया लेकिन उसके 11 मिनट बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने अर्जेंटीना को 3–1 से आगे कर दिया। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल गिउलिआनो शिमोन ने 71वें मिनट में किया।

# नीशाम, सीफर्ट के दम पर न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

एजेंसी । वेलिंगटन

जेम्स नीशाम की घातक गेंदबाजी (5 विकेट) और टिम सीफर्ट की विस्फोटक नाबाद 97 रनों की पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें और आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को 10 ओवर शेष रहते आठ विकेट से हराया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली।

**4-1 से जीती सीरीज**



### पाकिस्तान की कमजोर बल्लेबाजी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम 20 ओवरों में नौ विकेट पर 128 रन ही बना पाई। आगा सलमान ने 51 रन (39 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) की सर्वाधिक पारी खेली। न्यूजीलैंड के लिए नीशाम ने 5, जैकब डफी ने 2, जबकि बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने 1–1 विकेट लिया।

### सीफर्ट की धुआंधार पारी, न्यूजीलैंड की आसान जीत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने सिर्फ 10 ओवर में 2 विकेट पर 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। टिम सीफर्ट (97 रन, 38 गेंद, 10 छक्के, 6 चौके) ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। फिन एलेन (22 रन) के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंदों में 93 रन की साझेदारी की। नीशाम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीफर्ट को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। न्यूजीलैंड की इस शानदार जीत ने पाकिस्तान की कमजोर बल्लेबाजी और गेंदबाजी की पोल खोल दी।

# 14 साल बाद फिर भारत में दिखेगा मेसी का जादू



एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को 14 साल बाद फिर से दुनिया के दिग्गज फुटबॉलरों में शुमार लियोनेल मेसी की झलक देखने के साथ ही मैदान पर उनका मैजिक भी देखने को मिलेगा। अर्जेंटीना का यह सुपर स्टार अक्तूबर में अपनी टीम के साथ केरल में प्रदर्शनी मैच खेलने आएगा। इससे पहले मेसी सितंबर 2011 में कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने के लिए भारत आए थे। अर्जेंटीना ने साल्ट लेक स्टेडियम में खेला गया वह मैच 1-0 से जीता था। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्तूबर में होंगे।

### फातिमा पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार



एजेंसी । लाहौर

ऑलराउंडर फातिमा सना को आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। लाहौर में 9 से 19 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए हालांकि अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और अनुभवी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था। लेकिन आलिया को क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में चुना गया है।

# पैरालिंपिक पदक के बिना मैं अधूरी : भाग्यश्री जाधव

एजेंसी । नई दिल्ली



राजधानी में जारी खेलो इंडिया पैरा खेल में गोला और भाला फेंक स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की भाग्यश्री जाधव का कहना है कि 'पैरालंपिक पदक के बिना मैं अधूरी हूं। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 खेलों में पदक से चूकने के बाद भाग्यश्री को उम्मीद है कि लॉस एंजिल्स 2028 में वह इस अधूरेपन को खत्म करने में सफल होंगी। 2017 से पैरा स्पोर्ट्स में सक्रिय 37 वर्षीय भाग्यश्री ने बुधवार को कहा, टोक्यो में मैं सातवें और पेरिस में पांचवें स्थान पर रही थी, लेकिन इस बार मेरा लक्ष्य पदक लाना है। उन्होंने 2019 में चीन में विश्व पैरा एथलेटिक्स में दो कांस्य और 2022 एशियाई पैरा खेलों में रजत के अलावा 2021 में दुबई विश्व कप में कांस्य भी जीता था।

# 'सीता मैया' का नया अवतार

*'दूरदर्शन' पर रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता का किरदार निभाकर देश-दुनिया में मशहूर हुईं दीपिका चिखलिया इन दिनों छोटे परदे पर फिर से सक्रिय हैं। हाल ही में धारावाहिक 'धरतीपुत्र नंदिनी' में दिखी दीपिका की धमाकेदार एंट्री अब धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' में गुरु मां के रूप में होने जा रही है। दीपिका अपने इस किरदार को लेकर खासी उत्साहित भी हैं। और, दीपिका से ज्यादा उत्साहित इस धारावाहिक की हीरोइन दीक्षा धामी हैं।*



पता चला है कि धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' अब एक बड़े और अनोखे बदलाव की ओर बढ़ रहा है। शो के हालिया ट्रैक में फिलहाल चैना के हालात और मुश्किल होते नज़र आ रहे हैं। वहीं, चमकीली अपनी चालाकी से परिवार को चैना के खिलाफ करने में सफल होती दिखाई देती है। लेकिन कहानी में एक बड़ा मोड़ तब आएगा, जब गुरु मां के रूप में एक दैवीय शक्ति प्रकट होगी।

चैना का किरदार निभा रही दीक्षा धामी बताती हैं, 'हम सभी अपने माता-पिता से सीता मैया के रूप में दीपिका जी को मिले सम्मान की बातें सुनकर बड़े हुए हैं। जब मैंने अपनी माँ को बताया कि मैं दीपिका जी के साथ काम करने वाली हूं तो वह खुशी से झूम उठीं और बोलीं कि अब मेरा हीरोइन बनना सफल रहा। पूरे मोहल्ले में उन्होंने इसका ढोल पीट दिया है।'

दीक्षा कहती हैं, 'दीपिका जी इतनी बड़ी कलाकार होने के बावजूद बहुत विनम्र और सरल हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही सुन्दर अनुभव है और मुझे उनसे हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। जिस तरह से वे हर एक सीन को खूबसूरती से निभाती हैं, वह सब कुछ बहुत ही प्रेरणादायक बना देती हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूँ कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला।'

# ऐश्वर्या की कार को बस ने मारी टक्कर

*बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कार को बस ने टक्कर मार दी है। बस की टक्कर लगने की वजह से ऐश्वर्या राय की कार टोयोटा वेलफायर के पीछे का हिस्सा टूट गया है। कार के अंदर के कौन था इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। लेकिन कार के एक्सीडेंट का वीडियो सामने आया है। ऐश्वर्या या उनकी टीम की तरफ से इस पर अभी कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है।*





### वायरल हो रहा एक्सीडेंट का वीडियो

सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो पैपराजी 'वरिंदर चावला' के इंस्टाग्राम से शेयर किया गया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक कार को बस ने टक्कर मार दी है। दावा है कि यह कार ऐश्वर्या राय बच्चन की है। कार को जिस बस ने टक्कर मारी है वह एमएसआरसीटीसी की है। टक्कर लगने के बाद कार को वहां से रवाना कर दिया गया।

# 'भूल चूक माफ' की नई रिलीज डेट घोषित

## सनी देओल की 'जाट' से टला क्लैश



अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री वामिका गब्बी पहली बार कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'भूल चूक माफ' में साथ नजर आने वाले हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट बदलकर 9 मई कर दी गई है। फिल्म के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर एक नया मोशन पोस्टर साझा किया, जिसमें नई रिलीज डेट की घोषणा की गई। मेडॉक फिल्म्स द्वारा साझा किए गए इस पोस्टर के साथ लिखा गया, 'अपनी हल्दी में ही अटक गए रंजन और तितली। क्या उनकी शादी का दिन आएगा कभी? पता चलेगा 9 मई को।

फिल्म के टीजर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी को शादी की तैयारियों में व्यस्त दिखाया गया था। उनकी शादी 30 तारीख को तय होती है, लेकिन एक रात सोने के बाद जब राजकुमार का किरदार सुबह उठता है, तो पाता है कि अभी भी 29 तारीख ही है। यह अजीब घटनाक्रम फिल्म में एक बड़े ट्विस्ट की ओर इशारा करता है।



# यशराज फिल्म्स ने मेरी जिंदगी के तीन साल बर्बाद किए : देवाशीष

*फिल्म निर्माता देवाशीष मखीजा ने 2005 में इंडस्ट्री में प्रवेश करने के बाद से अब तक केवल चार फिल्मों का निर्देशन किया है। 'ब्लैक फ्राइडे' में अनुराग कश्यप और 'बंटी और बबली' में शाद अली की सहायता करने के बाद उन्होंने यशराज फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोडक्शन हाउस के लिए एक एनिमेटेड फिल्म बनाई। हालांकि, तीन साल के काम के बाद फिल्म को बंद कर दिया गया।*



### इस वजह से बंद हुई फिल्म

देवाशीष मखीजा ने स्क्रीन को बताया, 'यह बहुत ही उलझन भरा सफर रहा है, इसलिए मैं 45 साल का हूं और मैं अपनी पांचवी फिल्म बना रहा हूं। अगर मेरे पास दो रास्ते होते और मैं एक विकल्प चुनता तो मैं अपनी 11वीं या 12वीं फिल्म पर बैठा होता। 'बंटी और बबली' के बाद मैं यशराज फिल्म्स और डिज्नी के लिए एक एनीमेशन फिल्म बना रहा था। जब उन्होंने पहली एनीमेशन फिल्म 'रोडसाइड रोमियो' बनाई तो वह फ्लॉप हो गई तो उन्होंने मेरी फिल्म बंद कर दी।' फिल्म निर्माता ने बताया कि वे इस प्रोजेक्ट पर तीन साल पहले ही खर्च कर चुके थे और पिक्सर में अंतिम निर्माण शुरू करने ही वाले थे कि वाईआरएफ ने इसे रद्द कर दिया।

दुष्कर्म पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की आपत्तिजनक टिप्पणी

# सुप्रीम कोर्ट भड़का, फैसले पर लगाई रोक

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश की कुछ टिप्पणियों पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि अभियोजन पक्ष के आरोपों के अनुसार ब्रेस्ट दबाना और पायजामे की डोरी खींचना बलात्कार या बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में नहीं आता।




### हाई कोर्ट के आदेश पर स्वत: संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान (suo motu) लेते हुए केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट की टिप्पणियों को ₹असंवेदनशील और अमानवीय₹ करार देते हुए कहा कि यह फैसला कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता और न्यायिक निष्पक्षता के विरुद्ध है।

### नवंबर 2021 का है मामला

घटना 10 नवंबर 2021 की है, जब एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ अपने रिश्तेदार के घर से लौट रही थी। आरोपी उसे घर छोड़ने का बहाना देकर अपने साथ ले गए, लेकिन रास्ते में उन्होंने उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की, पायजामे की डोरी खींच दी और पुलिया के नीचे घसीटने का प्रयास किया। चीख-पुकार सुनकर गवाह मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी देशी पिस्तौल दिखाकर भाग गए।

### हाई कोर्ट के आदेश पर कड़ी आपत्ति

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में विशेष रूप से पैराग्राफ 21, 24 और 26 में न्यायिक असंवेदनशीलता झलकती है। अदालत ने यह भी कहा कि फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया था, बल्कि इसे चार महीने तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इसे सोच-समझकर दिया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने बताया चौंकाने वाला बयान

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट की टिप्पणी पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि यह निर्णय असंवेदनशीलता और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। अदालत ने We the Women of India नामक एनजीओ द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता के माध्यम से भेजे गए पत्र के आधार पर इस मामले में संज्ञान लिया।

### हाई कोर्ट ने नहीं माना बलात्कार की कोशिश का मामला

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं कि आरोपियों ने पीड़िता के साथ बलात्कार करने की मंशा से ठोस प्रयास किया था। हाई कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ IPC की धारा 354-B (महिला को निर्वस्त्र करने की मंशा से हमला) और POCSO अधिनियम की धारा 9/10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया, लेकिन बलात्कार की कोशिश के आरोप को खारिज कर दिया।

### आगे की कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर तत्काल रोक लगा दी है और मामले की सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया है। इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# फिर सामान्य होंगे भारत-कनाडा रिश्ते

- कनाडा के पीएम ने भारत के साथ संबंधों को फिर से बनाने का दिया संकेत
- खालिस्तान आतंकवादी की हत्या के बाद बिगड़े थे रिश्ते

एजेंसी । नई दिल्ली



पिछले कुछ सालों में भारत और कनाडा के बीच तनाव काफी बढ़ गया था, लेकिन अब दोनों देश इसे कम करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की धमकी के बीच, भारत और कनाडा दोनों ही राजनयिक तनाव को कम करने के लिए कदम उठा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली और ओटावा दोनों पिछले साल हुई राजनयिकों की निष्कासन के बाद अपने राजदूतों को वापस भेजने पर विचार कर रहे हैं। कनाडा में खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के रिश्ते खराब हो गए थे। अब दोनों देश बातचीत के जरिए मामले को सुलझाना चाहते हैं। पिछले साल अक्टूबर में, भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। इससे पहले भारत ने अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया था। कनाडाई अधिकारियों ने निज्जर की हत्या की जांच में उस उच्चायुक्त को 'व्यक्तिगत रुचि' का बताया था। निज्जर की हत्या जून 2023 में हुई थी।

### कनाडा खुफिया प्रमुख और अजीत डोभाल की हुई मीटिंग

ब्लूमवर्ग की रिपोर्ट के अनुसार कनाडा के खुफिया प्रमुख डेनियल रोजर्स ने पिछले हफ्ते नई दिल्ली में एनएसए अजीत डोभाल द्वारा आयोजित एक खुफिया सम्मेलन में भाग लिया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के बीच जून में अल्बर्टा में होने वाले G7 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात हो सकती है। भारत G-7 का पर्यवेक्षक है।

### दोनों देशों के बीच बढ़ा था तनाव

सितंबर 2023 में, तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि उनके पास भारतीय सरकार के एजेंटों और निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोप हैं। निज्जर को 18 जून को सरे शहर में गोली मार दी गई थी। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताया था। ब्लूमवर्ग को एक कनाडाई अधिकारी ने बताया कि कनाडा महीनों से नई दिल्ली के साथ बेहतर संबंध चाहता है। यह कनाडा के कानूनों के सम्मान पर निर्भर है, और ट्रूडो के पद छोड़ने के बाद से इस नजरिए में कोई बदलाव नहीं आया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हाईकोर्ट ने आतिशी को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आप नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को एक याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें विधानसभा चुनाव के दौरान कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर उनके निर्वाचन को चुनौती दी गई है।

### संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे इंजीनियर राशिद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने टेरर फंडिंग से जुड़े एक मामले में जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख को "हिरासत में" संसद के मौजूदा सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह और जस्टिस अनूप जयराम भंभानी की बेंच ने कहा कि पुलिस इंजीनियर राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच हर दिन संसद भवन ले जाएगी और कार्यवाही समाप्त होने के बाद वापस जेल ले आएगी।

### जामिया ने यौन प्रताड़ना के आरोपी शिक्षक को बर्खास्त किया

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने बुधवार को दुष्कर्म के आरोपी राजनीति विज्ञान विभाग के एक सहायक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया है। यह निर्णय जामिया प्रशासन ने एक महिला द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर शिक्षक की गिरफ्तारी के बाद त्वरित निर्णय लेते हुए उठाया है।

### हाईकोर्ट ने मंत्री प्रवेश वर्मा को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने की ओर से लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा को नोटिस जारी किया गया है। बुधवार को कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें 2025 में हुए विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से उनके निर्वाचन को चुनौती दी गई है। बता दें कि प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली से चुनाव लड़ने वाले आप के नेता अरविंद केजरीवाल को हराया था। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 27 मई तय की है।

### अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग खुद एक चिंता का विषय : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की 2025 की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित है। भारत ने अमेरिकी आयोग को ही चिंता का विषय करार दिया है। यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में कथित रुप से भारत में अल्पसंख्यकों के साथ बुरा व्यवहार किए जाने और सिख अलगाववादियों के खिलाफ रॉ के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर बुधवार को कहा कि हमने हाल में अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर जारी हुई रिपोर्ट को देखा है, जो एक बार फिर पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रुप से प्रेरित आकलन जारी करने के अपने पिछले पैटर्न को दर्शाती है।

### भाजपा सांसद राजू बिस्ता की मानहानि याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल की अदालत ने बुधवार को दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिस्ता द्वारा कुर्सियांग से भाजपा विधायक बिष्णु प्रसाद शर्मा के खिलाफ दर्ज की गई मानहानि शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए उसे खारिज कर दिया। इससे पहले 24 फरवरी को अदालत ने भाजपा विधायक शर्मा को प्रारंभिक साक्ष्य पेश करने के लिए नोटिस जारी किया था।

खुलेआम रिश्वतखोरी

# फंड की बंदरबाट के लिए बाकायदा ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास, सबके कमीशन फिक्स

▸▸ हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

एजेंसी । जबलपुर

सरकारी कामों में रिश्वतखोरी की बात आम है, लेकिन आमतौर पर इसका कोई लिखित प्रमाण नहीं होता। लेकिन मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की सालरगोंदी ग्राम पंचायत में रिश्वत का बंटवारा बाकायदा नोटशीट पर दर्ज कर ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इस मामले को लेकर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई, जिसके बाद अदालत ने पंचायत प्रतिनिधियों से जवाब मांगा है।



### हाई कोर्ट में पहुंचा मामला

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैथ की अदालत में आरटीआई एक्टिविस्ट सुरेश सोनी ने जनहित याचिका दायर की। अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने बताया कि सरकारी फंड का गबन करने के लिए सरपंच, उपसरपंच और पंचों ने रिश्वत के बंटवारे की नोटशीट तैयार की और उसे ग्राम पंचायत में मंजूरी भी दिलवा दी।

### सरपंच, उपसरपंच और पंचों का हिस्सा तय

एडवोकेट अंकित सक्सेना ने बताया कि नोटशीट में सरपंच को 10%, उपसरपंच को 7 परसेंट, सभी पंचों को 5-5 परसेंट राशि देने की बात लिखी गई। बाकायदा इस प्रस्ताव को नोटशीट पर रखकर ग्राम पंचायत में पारित भी कर लिया गया। जब पंचायत सचिव ने इसका विरोध किया तो सरपंच और पंचों ने मिलकर उसका ट्रांसफर करवा दिया। इसके बाद आरटीआई एक्टिविस्ट ने पंचायत की इस नोटशीट को बाकायदा राइट टू इनफार्मेशन एक्ट के तहत निकलवाया और जिला प्रशासन को इस पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। इसके बाद भी जिला प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद ये मामला हाई कोर्ट पहुंचा।

## फिर पत्थरबाजों के निशाने पर आई वंदे भारत एक्सप्रेस

एजेंसी । भुवनेश्वर

देश की प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस एक बार फिर पत्थरबाजों का निशाना बन गई। पथराव की यह घटना ओडिशा में हुई। असामाजिक तत्वों ने पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया। चक्रधरपुर रेल मंडल के कलुंगा रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया। पथराव के चलते ट्रेन के एक बोगी का कांच टूट गया। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई यात्री नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### कलुंगा रेलवे स्टेशन के पास पथराव

जानकारी के अनुसार, पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस जब रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे कलुंगा रेलवे स्टेशन पार कर रही थी, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने ट्रेन पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इससे ट्रेन की एक बोगी का शीशा टूट गया। हालांकि, इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई। जैसे ही ट्रेन राउरकेला रेलवे स्टेशन पहुंची, वहां मौजूद रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

महादेव सट्टा एप केस

# भूपेश बघेल के घर सीबीआई ने मारा छापा

सीबीआई के एक्शन की खिलाफत : 27 मार्च को प्रदेश भर में भाजपा सरकार का पुतला जलाएंगे कांग्रेसी




एजेंसी । रायपुर/बस्तर

छत्तीसगढ़ की सियासत में खलबली मचा देने वाले और सत्तापलट में बड़ी भूमिका निभाने वाले महादेव सट्टा ऐप घोटाले में बुधवार 26 मार्च को CBI ने बड़ा एक्शन किया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके खास सिपहसालार माने जाने वाले विधायक देवेंद्र यादव समेत 7 पुलिस अफसरों और कई IAS अफसरों के ठिकानों पर राजधानी रायपुर, भिलाई और दुर्ग शहरों में छापा मारा है। सबसे ज्यादा सनसनी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास के बाहर देखी जा रही है।

### बैग को लेकर हंगामा

छापेमारी के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बैग लेकर बंगले के अंदर जाता दिखा, जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि बैग की जांच की जाए, लेकिन पुलिस उसे लेकर अंदर चली गई। कुछ देर बाद CBI अधिकारियों ने उसी व्यक्ति को लेकर बंगले से बाहर निकलकर कार में बैठाया।



"जिस तरह से भूपेश बघेल के खिलाफ ईडी और सीबीआई की कार्रवाई हो रही है, उससे लग रहा है कि नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं। भाजपा कांग्रेस से सीधे मुकाबले नहीं कर पा रही है इसलिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग पर विपक्ष की आवाज दबाने में जुटी हुई है। इससे हम दबने वाले नहीं है। यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

- धनंजय ठाकुर, प्रवक्ता, कांग्रेस

### CBI की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस छापेमारी को राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए बंगले के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही भूपेश बघेल ने गरीबों के हक की आवाज उठाई, उनके खिलाफ CBI और ED की कार्रवाई शुरू हो गई।

### बीजेपी का जवाब – साफ हैं तो डर क्यों?

इस कार्रवाई पर बीजेपी ने कांग्रेस के विरोध पर पलटवार किया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि ₹अगर व्यक्ति या पार्टी निर्दोष है, तो डरने की जरूरत नहीं। यदि कुछ गलत नहीं किया गया है, तो जांच से डरने की जरूरत नहीं है।₹

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा की प्रतिक्रिया

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि CBI की जांच का आधार क्या है, इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेताओं ने खुद ही CBI जांच की मांग की थी।

### भाजपा सरकार का पुतला दहन करने का ऐलान

केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला दहन करने का ऐलान किया है। 27 मार्च को सभी जिलों में कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन करेंगे। इस संबंध में PCC ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश जारी किया है। CBI की दबिश पर कांग्रेस ने कार्टून जारी किया है। जारी पोस्ट में केंद्रीय एजेंसियों को तोते के रूप में दिखाया है, जिसमें दो तोतों को दिखाते हुए इन तोतों का नाम बताएं लिखा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर CBI की कार्रवाई पिछले 10 घंटे से रायपुर निवास में चल रही है। वहीं इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना भी लगातार जारी है। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के विरोध में धरना दे रहे हैं।

काम की खबर | यूनिवर्सिटी आफ कैलिफोर्निया बर्कले के इंडिया एनर्जी एंड क्लाईमेट सेंटर का शोध

# एसी को ज्यादा ऊर्जा दक्ष बनाकर भारत बचा सकता है 2.2 लाख करोड़ की बिजली

▸▸ एसी को लेकर मजबूत मानक से बचेगा देश का मोटा पैसा

एजेंसी । नई दिल्ली

देश में गर्मी की दस्तक के साथ ही एयरकंडीशनर (एसी) भी चलने लगे हैं लेकिन भारत में ज्यादातर एसी पर्याप्त ऊर्जा दक्ष नहीं हैं। ऐसे में बिजली बहुत ज्यादा खर्च होती है। एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत यदि अपने एसी की ऊर्जा दक्षता को मौजूदा क्षमता से दोगुना कर ले तो सालाना लोगों की 2.2 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। यूनिवर्सिटी आफ कैलिफोर्निया बर्कले के इंडिया एनर्जी एंड क्लाईमेट सेंटर (आईईसीसी) के अध्ययन में यह दावा किया है। शोध के अनुसार इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं की 2.2 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी बल्कि इससे भारत अगले दशक में संभावित बिजली संकट को भी टाल सकता है क्योंकि जिस तरह गर्मी बढ़ रही है।



- मानकों से भारत भविष्य के बिजली संकट को टाल सकता है
- बेहतर फैसलों से उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ भी कम होगा

### ▸▸ एसी की बिक्री तेज होगी

भारत में सालाना एक से डेढ़ करोड़ नए एसी बिक रहे। अगले दस वर्षों में संख्या 13-15 करोड़ हो सकती है। ऐसे में नीतिगत स्तर पर हस्तक्षेप नहीं हुआ तो एसी के कारण 2030 तक 120 गीगावाट और 2035 तक अधिकतम 180 गीगावाट बिजली की मांग हो सकती है। यह तब की कुल बिजली खपत का 30 फीसदी होगा।

### ▸▸ मानक सख्त करने होंगे

अध्ययन में कहा गया है कि ब्लैक आउट के खतरे से निपटने के लिए भारत को वर्ष 2027 तक अपने न्यूनतम ऊर्जा प्रदर्शन मानक (एमईपीएस) को अपडेट करना होगा। वन स्टार एसी की न्यूनतम दक्षता को 5 स्टार वाले एसी के बराबर लाना होगा। हर तीन साल में मानकों को सख्त करना होगा।

### नंबर गेम

**01** स्टार एसी की क्षमता 5 स्टार एसी के बराबर करनी होगी

**10** वर्षों में 13 से 15 करोड़ एसी हर वर्ष देश में बिक सकते हैं

### बिजली खपत पर ब्रेक संभव

रिपोर्ट के अनुसार यदि भारत इन मानकों को अपनाता है तो वर्ष 2028 तक 10 गीगावाट, 2030 तक 23 गीगावाट और 2035 तक 60 गीगावाट बिजली की खपत बढ़ने से रोकी जा सकती है। यह 120 बड़े बिजलीघरों की उत्पादन क्षमता के बराबर बिजली है। इससे उपभोक्ताओं की 2.2 लाख करोड़ रुपये तक की बचत होगी।

### नहीं बढ़ेगी एसी की कीमत

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा दक्षता के कारण एसी की कीमतों में बढ़ोत्तरी जरूरी नहीं है। यदि सही नीतिगत समर्थन मिले तो दक्षता बढ़ने के बावजूद कीमतें स्थिर रखी जा सकती हैं सरकार मेक इन इंडिया और पीएलआई जैसी

# ऑनलाइन सट्टेबाजी पर लगेगी रोक

▸▸ तेलंगाना सरकार का बड़ा फैसला

▸▸ एसआईटी का गठन, सट्टेबाजी से जुड़े अपराधों के लिए कड़े दंड पर विचार

एजेंसी । हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और रमी पर प्रतिबंध लगाने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सट्टेबाजी से जुड़े अपराधों की सजा में संशोधन किया जाएगा और सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सीएम रेड्डी ने विधानसभा में घोषणा की कि ऑनलाइन सट्टेबाजी एक अंतरराष्ट्रीय अपराध बन चुका है और सरकार इसे रोकने के लिए सतर्क है। उन्होंने कहा कि 2017 में पारित कानून पर्याप्त नहीं था, इसलिए कानूनों में बदलाव कर कड़ी सजा का प्रावधान किया




### एसआईटी करेगी सट्टेबाजी गतिविधियों की जांच

सरकार ने गेमिंग और रमी गतिविधियों की निगरानी के लिए एसआईटी गठित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ दुष्प्रचार करने वालों की जांच से समस्या हल नहीं होगी, बल्कि ऑनलाइन सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वालों को भी कठोर सजा दी जाएगी।

### पिछली सरकार पर निशाना, तेलंगाना में सरकार स्थिर रहेगी

रेवंत रेड्डी ने कहा कि पिछली सरकार कानून और व्यवस्था को लेकर लापरवाह थी और उन्होंने दिशा घटना और वकील दंपती की हत्या का हवाला देते हुए बीते शासन की आलोचना की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीआरएस नेता दुष्प्रचार कर रहे हैं कि राज्य सरकार गिरने वाली है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तेलंगाना में 2029 से पहले विधानसभा चुनाव नहीं होंगे।